RNI NO. MPHIN38290 (TC)
संपादक : ऐश्वर्य शर्मा ( पवन )

# मालवा फर्स्ट
MALWA FIRST

स्वाभिमान ही हमारा अभिमान है

नीमच, बुधवार
1 मई 2024
वर्ष 02, अंक 05, - मूल्य 02 रूपए

Periodicity- Weekly

E-mail: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664866



पेज नं 4 ....सीआरपीएफ ने शहीद के बलिदान को किया नमन

Commodity: Gold 71,385 Silver 83,850 Crude Oil 6,781 Natural Gas 172.90 Aluminium 240.45 Copper 860.80

**खास खबर**

## विद्यालय की छात्राओं ने घर-घर जागर किया मतदाता को जागरूक

**मंदसौर ।** बालागंज कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य श्री सुदीप दास द्वारा बताया गया की स्कूली छात्राओं ने स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। मतदाताओं को घर-घर जाकर लोकसभा चुनाव की मतदान की तारीख, आपके घर में 18 वर्ष की आयु से अधिक कितने परिवार के सदस्य है, क्या सभी के पास मतदाता परिचय है, 85 वर्ष से अधिक बुजुर्ग मतदाता को मतदान के दिन दि जाने वाली सुविधा के बारे में जानकारी दी। विद्यालय की छात्राओं एवं समस्त स्टाफ ने स्वीप अभियान के तहत बालागंज क्षेत्र एवं नयापुरा रोड पर एक रैली का आयोजन किया। जिसमें समस्त मतदाताओं से संपर्क स्थापित किया एवं उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की छात्राओं एवं स्टाफ ने महिलाओं, बुजुर्गों एवं युवा मतदाताओं से निर्वाचन में सक्रिय भागीदारी हेतु चर्चा की एवं आग्रह किया कि 13 मई को होने वोले मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## आईपीएल क्रिकेट सट्टा ऑनलाईन प्रकरण में फरार आरोपी हरीश पारवानी उर्फ पायलट गिरफ्तार



**नीमच जिला पुलिस द्वारा इस बार सट्टा लगाने वालों की धरपकड़ अभियान चला रखा हँ। 2 दर्जन से ज्यादा सट्टोरियों को रंगेहाथों सट्टा खेलते पकड़ने में कामयाबी मिली है।**

**नीमच।** पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देषन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक रंजन के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी नीमच सिटी श्री उमेश यादव नेतृत्व में संयुक्त रूप से गठित विशेष टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर दिनांक 09.04.24 की रात्रि टीआईटी कालोनी स्थित मकान पर दबिश देकर क्रिकेट बुकी हितेश गनवानी उर्फ हित्तु पिता राजकुमार गनवानी को गिरफ्तार किया जाकर प्रकरण में 01 लेपटॉप, 01 एलईडी टीवी, सेट टॉप बाक्स, 08 मोबाईल सहित, 1870 रूपयें नगदी सहित लगभग 02 करोड़ से ज्यादा का क्रिकेट हिसाब जप्त किया जाकर पुलिस थाना नीमच केंट पर अपराध क्रमांक 159/24 धारा 3/4, 4-क पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट का पंजीबद्व किया जाकर प्रकरण में घटना दिनांक को मुख्य आरोपी हितेश गनवानी को गिरफ्तार किया जाकर प्रकरण में 09 अन्य आरोपी नामजद किये जाकर 05 आरोपी गिरफ्तार किये गये थें।

इसी प्रकार से थाना प्रभारी बघाना निरीक्षक विजय सागरिया के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर दिनांक 21.04.2024 की रात्रि में धनेरिया रोड़ बघाना के पास से ग्रांड आई 10 कार से क्रिकेट बुकी सन्नी कपुर, विजय तिवारी एवं राजेश अहिर को ऑनलाईन वेबसाईट लोटस 365 के माध्यम से ऑनलाईन सट्टा करते हुए पकड़ा गया, जिनसे पुछताछ पर अपने साथियों निलेश रैगर, विकास नागोरी, मनोज समदानी, कपिल सोनी, भावेश वासु एवं मनीष जैन उर्फ मनीष पुस्तक के साथ मिलकर ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा संचालित करना, फर्जी तरिके से सिम प्राप्त कर अलग अलग शहरों से लोगो से फर्जी बैंक अकाउन्ट गलत तरिके से लेकर लोटस् 365 वेबसाईट के माध्यम से कस्टमर को डाटा देना, फर्जी सिमो से गलत नाम बताकर वेबसाईट पर खेलो पर दांव लगाकर अवैध लाभ अर्जित करना बताया जाने पर आरोपियो की निशादेही से 09 आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर इनके कब्जें से मोबाईल फोन, लेपटॉप, एटीएम, चेकबुक, बैंक पासबुक एवं पेनड्राईव जप्त की जाकर पुलिस थाना बघाना पर अपराध क्रमांक 121/24 धारा 419, 420 भादवि एवं 3/4, 4-क पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट का पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया था, प्रकरण में कुल 09 मुख्य आरोपियों सहित 22 आरोपी चिन्हित किये गये है। प्रकरण में 10 आरोपी गिरफ्तार किये जा चुके है। संयुक्त रूप से गठित विशेष टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर से दिनांक 29.04.2024 को पुलिस थाना नीमच केंट एवं पुलिस थाना बघाना के प्रकरणों में फरार हरीश पारवानी उर्फ हरीश पायलट पिता गोपालदास पारवानी उम्र 46 वर्ष निवासी सिद्वी विनायक कालोनी बघाना को गिरफ्तार किया जाकर उसके विरूद्व वैधानिक कार्यवाही की गई। प्रकरणों में अनुसंधान जारी होकर अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी है।

**सराहनीय कार्य** - उक्त कार्य में थाना प्रभारी बघाना निरीक्षक विजय सागरिया, उनि. शंभुसिंह चुण्ड़ावत, प्रआर. ज्ञानचंद यादव, प्रआर. प्रदीप शिन्दें, प्रआर. आदित्य गौड़, आर. लखन प्रताप सिंह, आर. कुलदीप सिंह, आर विश्वेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## बृजनंदनी महिला मंडल द्वारा नानी बाई का मायरा कथा का आयोजन 1 से 3 मई तक



**नीमच।** बृजनंदनी महिला मंडल समिति द्वारा दिनांक 1 से 3 मई तक त्रिदिवसीय नानी बाई मायरे की कथा का आयोजन महाराणा बंगला नगर पालिका कॉलोनी पर शाम 7ः00 से 10 किया जा रहा है। जिसमें भात अग्रवाल महिला जागृति समिति द्वारा लाया जा रहा है। प्रथम दिवस 1 मई 2024 बुधवार को शाम 4ः00 से सांवरिया सेठ मंदिर से भव्य कलश यात्रा एवं ठाकुर जी की शोभायात्रा जिसमें महिलाओं का ड्रेस कोड लाल चुनरी एवं पुरुषों का सफेद कुर्ता पजामा रहेगा। शाम 7ः00 बजे से नरसिंह जी की जन्म कथा एवं भोलेनाथ जी के आकर्षक झांकी सजाई जाएगी। द्वितीय दिवस 2 भी 2024 गुरुवार को नरसिंह जी की भक्ति एवं नानी बाई की कथा का वाचन होगा उसमें विशेष राधा कृष्ण का महारास रहेगा। दिनांक 3 मई 2024 को खाटू श्याम मंदिर बावड़ी वाले बालाजी से दोपहर 3ः00 बजे सांवरिया सेठ रथ पर सवार होकर आकर्षक झांकियां के साथ चलेंगे। तिलक मार्ग नया बाजार एवं बारादरी पर विभिन्न समाजों द्वारा शोभा यात्रा का स्वागत किया जाएगा।

## चले बुथ की ओर अभियान कार्यक्रम 7 मई को

**मंदसौर।** स्वीप नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मंदसौर द्वारा बताया गया कि जिले में सम्पूर्ण मतदान केंद्रो पर चले बुथ की ओर कार्यक्रम का आयोजन 7 मई को आयोजित किया जाएगा।

अभियान के अंतर्गत मतदान केंद्र पर बुथ अवेयनेस ग्रप के सदस्यों, कैम्पस एम्बेसडर, चुनाव पाठसाला तथा स्थानीय लोगों के माध्यम से स्वीप गतिविधियां आयोजित कर लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिये जागरूक एवं प्रेरित करेंगे।

## नीमच जिले में 1 से 11 मई तक मतदान प्रतिशत बढाने के लिए हर घर, हर मतदाता जागरूकता अभियान-श्री जैन

**जावद में आशा, आंगनवाडी कार्यकर्ता, बीएलओ की बैठक में कलेक्टर ने मतदान प्रतिशत बढाने के लिए विशेष प्रयास करने के दिए निर्देश**



**नीमच।** नीमच जिले के लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान का प्रतिशत बढाने, मतदाताओं को मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए एक से 11 मई तक हर घर, हर मतदाता, जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें ग्राम स्तरीय अमले की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सभी आशा, आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका, पटवारी, पंचायत सचिव, सचिव एवं रोजगार सहायक मतदान के प्रतिशत को बनाए रखने और मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए गर्मी को देखते हुए सभी मतदाताओं को मतदान के दिन 13 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे पूर्व तक मतदान केंद्र पर आकर मतदान करवाने का प्रयास करें। मतदान केंद्र के दूरस्थ गांवों के मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक लाकर मतदान करवाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही गर्मी को देखते हुए मतदान केंद्रों पर पेयजल, प्रकाश, पंखे, कूलर, छाया आदि के प्रबंध किए जाऐंगे। यह बात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश जैन ने सोमवार को शासकीय चिकित्सालय जावद के डोम में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में क्षेत्र की आशा, आंगनवाडी कार्यकर्ताओं, बीएलओ, रोजगार सहायक, पंचायत सचिव एवं पटवारियों की बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गुरूप्रसाद, एसडीएम राजेश शाह, जनपद सीईओ आकाश धार्वे, सीएमओ जगजीवन शर्मा, तहसीलदार यशपाल मुजाल्दा भी उपस्थित थे। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गुरूप्रसाद ने जिले में 1 से 11 मई तक आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान की विस्तृत रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक मई को हर एक घर जाकर बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्य मतदान दिवस के पेम्पलेट(चिपकाए) लगाएंगे। 2 मई को नैतिक मतदान की पंजी के साथ हर एक मतदाता के घर जाकर उसके हस्ताक्षर करवाये जायेंगे। 3 मई को सभी मतदान केंद्र स्तर पर मतदाता जागरूकता रैली आयोजित की जाएगी। 4 मई को सभी मतदान केंद्र स्तर पर घर-घर जाकर पीले चावल देकर मतदान करने का न्यौता पत्र वितरित किया जाएगा। 5 मई को बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठक आयोजित की जावेगी। 6 मई को प्रत्येक मतदान केंद्र स्तर पर मतदाताओं व्दारा पौधा रोपण किया जावेगा। 7 मई को प्रत्येक मतदान केंद्र पर रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता मतदाता जागरूकता विषय पर आयोजित की जावेगी। 8 मई को मतदान कलश यात्रा मतदान केंद्र से निकाली जावेगी। 9 एवं 10 मई को मतदाताओं के घर-घर जाकर उन्हें पीले चावल बाटकर मतदान केंद्र पहुंच कर मतदान करने का आमंत्रण पत्र दिया जावेगा। 11 मई को बूथ सजाओं कार्यक्रम आयोजित कर बूथ की साज सज्जा की जावेगी।

## डीकेन में मतदाता जागरूकता रैली निकाली, घर घर जाकर मतदाताओं को जागरूक किया



**डीकेन।** वर्तमान में जिला कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जयसवाल द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 हेतु जिले के विभिन्न नगरीय क्षेत्रों में लगातार दौरे कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मतदाता जागरूकता को लेकर आज डीकेन में नगर परिषद कार्यालय से नगर के प्रमुख मार्गो से सभी विभागों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली प्रारंभ हुई।

जिसमें शिक्षा विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, जुल्फी इण्डेन, बिजली विभाग आदि विभिन्न विभागों द्वारा नगर के नागरिकों को मतदान करने हेतु जागरूक करने के लिए मतदाताओं से गणपति चौक, बस स्टेण्ड, पर शपथ ग्रहण करवाई गई तथा वरिष्ठ मतदाताओं का सम्मान किया जाकर पिले चावल देकर मतदान करने का निमंत्रण दिया गया। जिनका मतदाता सूची में नाम दर्ज है वे मतदान अवश्य करें।

## नीमच मंडी में 131000 के रुपए बिका पोस्ता

**नीमच।** 30 अप्रैल को कृषि उपज मंडी नीमच में हर क्या कल निवासी सुनील पिता रामलाल का पोस्ता 131000 रुपए प्रति क्विंटल की दर से विक्रय हुआ। नीमच कृषि उपज मंडी में इन दोनों किसानों को अपने उपज अच्छे भाव मिलते दिख रहे हैं।

बता दे की 30 अप्रैल को हर क्या कल से आए किसान सुनील पिता रामलाल ने अपना पोस्ट दाना 131000 के भाव से बेचा है। वही बात करें लहसुन की तो लहसुन के भी भाव कुछ समय पूर्व तक 45000 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भी बेचा गया था।

## नगर परिषद नयागांव में मतदाता जागरूकता के अंर्तगत मतदाताओं को दिलाई मतदान करने की शपथ



**नयागांव।** मंगलवार दिनांक 30 अप्रैल 2024 को नगर परिषद नयागांव में मतदाता जागरूकता के नारों से गुंजा नयागांव, मतदाता जागरूकता रैली नगर परिषद से प्रारम्भ होकर गांधी चौक, जावद रोड होते हुए सूरज कॉलोनी से होकर नगर परिषद कार्यालय पर समाप्त हुई। जावद रोड पर डिप्टी कलेक्टर चन्द्रसिंह धार्वे द्वारा मतदाताओं को शपथ दिलवाई गयी। उक्त रैली कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर चन्द्रसिंह धार्वे , मुख्य नगरपालिका अधिकारी अमरदास सेनानी, डूडा आफिस से जानकीलाल प्रजापति, कनिष्ठ यंत्री उचमइ, मेडिकल ऑफिसर, पटवारी, उपयंत्री, प्राचार्य हाई स्कूल, प्रधानाध्यापक मिडिल स्कूल, गाडिलोहार स्कूल, गाँधी कॉलोनी स्कूल, गेस एजेंसी संचालक, सहकारी दोनो उचित मूल्य दुकान के संचालक, समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका, आशा कार्यकर्ता, समस्त शासकीय विद्यालय के स्टाफ, नगर परिषद स्टाफ, उपस्थित रहा।

## जावद में वृहद मतदाता जागरूकता वाहन रैली आयोजित



**नीमच।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद की उपस्थिति में जावद में प्रशासन द्वारा नगर परिषद रतनगढ़ एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से सोमवार को वृहद मतदाता जागरूकता वाहन रैली निकाली गई। यह रैली जावद के कॉलेज से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए शासकीय अस्पताल जाकर वाहन रैली का समापन हुआ। रैली के समापन अवसर पर कलेक्टर श्री जैन ने मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई और कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने वरिष्ठ मतदाताओं का सम्मान भी किया। कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने मतदाता जागरूकता रैली के दौरान दुकान-दुकान, घर-घर जाकर, पीले चावल देकर,मतदाताओं कोमतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करने का आमंत्रित किया। इस मौके पर एसडीएम श्री राजेश शाह एवं जनपद सीईओ श्री आकाश धार्वे, तहसीलदार श्री यशपाल मुजाल्दा सीएमओ श्री जगजीवन शर्मा एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थितथे।

## भाजपा के श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल ने निकाली प्रभात फैरी



**नीमच।** भाजपा श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल अध्यक्ष मोहन सिंह राणावत के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 25 से 30 व 36 से 40 में प्रभात फेरी और जन जागरण का कार्य किया गया एवं आने वाली 13 मई को भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय प्रत्याशी सुधीर गुप्ता को अधिक से अधिक मतों से विजय बनाकर राष्ट्र को मजबूत करने के लिए माननीय नरेंद्र मोदी को पुनःदेश का प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया।

इस कार्यक्रम में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक दिलीप सिंह परिहार, नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा, पूर्व जिला अध्यक्ष हेमंत हरित, सांसद प्रतिनिधि आदित्य मालू, वरिष्ठ नेता संतोष चोपड़ा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश पप्पू जैन, जिला उपाध्यक्ष सुनील कटारिया, विनीत सेठिया, विकास गोयल, सत्यनारायण गोयल, विधानसभा विस्तारक मनीष भावसार, मंडल महामंत्री रामगोपाल पाराशर, कृष्ण मेहरा, उपाध्यक्ष अमन दीवान, विकी छाबड़ा, मनीष शर्मा, पार्षद वंदना खण्डेलवाल, मनोहर मोटवानी, धर्मेश पुरोहित, कमल शर्मा, योगेश कविश्वर, कुसुम अशोक जोशी, खुशबू चौहान, निलेश पाटीदार, विनोद जी राजावत, नरेंद्र पाटीदार, शशि कल्याणी, रामा ग्वाला, अजय पाटीदार, बंटी मौर्य, चन्द्रप्रकाश तलरेजा, ललित नागदा, महेश मुलचंदानी, अमित गर्ग, राजीव दीक्षित, मितुल मित्तल, नीरज कैथवास आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें। उपरोक्त जानकारी मंडल मीडिया प्रभारी दीपक पुरोहित ने दी ।

## सरस्वती शिशु मंदिर सिंगोली कक्षा 5 वीं और 8 वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा




**सिंगोली।** नगर की निजी शिक्षण संस्था सरस्वती शिशु मंदिर सिंगोली का राज्य शिक्षा केन्द्र का 5 वीं और 8 वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा।कक्षा 8 वीं में पलक धाकड़ और गौतम धाकड़ ने 89 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।कु.आरती धाकड़ ने 87 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया और कुणालकुमार टांक ने 86 प्रतिशत अंक से तृतीय स्थान प्राप्त किया।कक्षा 8 वीं में कुल 86 छात्रों में से 75 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए जबकि कक्षा 8 वीं में विद्यालय का परीक्षा परिणाम 98.83 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार कक्षा 5 वीं में रित्विक जैन ने 95.25 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय और सिंगोली नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिव्यांशी शर्मा,गौरव पालीवाल और प्रांशु चित्तौड़ा ने 93.25 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और जीविका नागर ने 93 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी तरह कक्षा 5 वीं में कुल 51 छात्रों में से 47 छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं 2 छात्रों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम प्राप्त करने पर विद्यालय के प्राचार्य धर्मचन्द गेहलोत, प्रधानाचार्य मुकेशकुमार चौहान एवं विद्यालय को संचालन करने वाली केशव शिक्षण समिति ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## अवैध हथियार लिए खड़े आरोपी को मनासा पुलिस ने धरदबोचा

**मनासा।** मनासा पुलिस टीम द्वारा एक देशी बाराबोर कट्टे व एक कारतुस सहीत एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 29.04.2024 को प्रआर गुड्डूलाल गुर्जर को उनके मुखबिर ने सूचना दी कि पंकज उर्फ करण पिता सुखलाल भील नि. झुग्गी बस्ती मनासा का एक देशी बाराबोर कट्टा लेकर मनासा अल्हैड फंटा नये अस्पताल के सामने खडा है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए मनासा अल्हैड फंटा नये अस्पताल के सामने से आरोपी पंकज उर्फ करण पिता सुखलाल भील नि. झुग्गी बस्ती मनासा के कब्जे से एक देशी बाराबोर कट्टा मय एक जिंदा कारतुस कीमती 8000 रुपए को जप्त कर आरोपी के विरूध्द अपराध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का पाया जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर अपराध पंजिबध्द कर आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय द्वारा न्यायिक निरोध में भेजा गया। इस कार्य में थाना प्रभारी मनासा व उनकी टीम प्रआर गुडुलाल गुर्जर, आर अनिल धाकड, धर्मेन्द्रसिंह, घनश्याम का विशेष योगदान रहा।



Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664886

# निराशाजनक सवाल, विराट कोहली के भारतीय टीम में चयन के सवाल पर भड़का पूर्व ऑलराउंडर




**इरफान पठान ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय टीम में विराट कोहली के शामिल होने का बचाव किया है और उनकी फॉर्म को लेकर चल रही चिंताओं को खारिज किया पठान का मानना है कि विराट कोहली को हर हाल में टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय स्क्वाड में होना चाहिए। पठान ने विराट कोहली की मैच विजयी क्षमता पर ध्यान दिलाया।**

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए विराट कोहली को भारतीय स्क्वाड में शामिल करने का बचाव किया है। पठान का मानना है कि कोहली को हर हाल में टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय स्क्वाड में जगह मिलना चाहिए। पूर्व ऑलराउंडर ने विराट कोहली की मैच विनिंग क्षमता पर प्रकाश डाला।

पठान से एक फैन ने सवाल किया कि ऐसी संभावना है कि कोहली को टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना जाएगा तो जवाब में पूर्व ऑलराउंडर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, सबसे पहली बात तो यह काफी निराशाजनक सवाल है। यह सवाल जो उठाया गया है, बहुत निराशाजनक है। कोई सवाल कैसे कर सकता है कि विराट कोहली को वर्ल्ड कप में जगह मिलना चाहिए या नहीं?

**कोहली की शानदार औसत**

पठान ने विराट कोहली के फॉर्म की चिंता को खारिज करते हुए कहा, मैं आईपीएल में स्ट्राइक रेट के बारे में बात नहीं कर रहा हूं। हम यहां भारतीय चयन के बारे में बातचीत कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में विराट कोहली की औसत 50 के करीब है और टी20 क्रिकेट में उनका स्ट्राइक रेट 137 है। अब आप इन दोनों को जोड़े तो यह 190 के करीब पहुंचता है। जब आंकड़ा 180 पार होता है तो उसे उच्च्च क्वालीटी का माना जाता है।

पठान ने कोहली की मैच विजयी क्षमता पर प्रकाश डालते हुए याद किया, आप देख सकते हैं कि पिछले वर्ल्ड कप में उन्होंने कैसे मैच जिताए। उन्होंने 2022 में अकेले के दम पर मैच जिताए। भारतीय टीम विराट कोहली के शानदार प्रदर्शन के कारण जीती थी।

**अनुभव की जरुरत**

पठान ने वेस्टइंडीज और अमेरिका की पिच पर ध्यान दिलाया और कहा, वेस्टइंडीज और अमेरिका में वर्ल्ड कप होना है। वेस्टइंडीज में सुपर 8 के समय तक कई पिचें धीमी हो चुकी होंगी। अगर ऐसा होता है तो आपको अनुभव की जरुरत पड़ती है। मेरे दिमाग में इस तरह का सवाल आया ही नहीं। रोहित शर्मा और विराट कोहली वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा नहीं हो। यह सवाल मेरे दिमाग में नहीं आता।

**कोहली का धमाका**

विराट कोहली मौजूदा आईपीएल में शानदार फॉर्म में हैं। मौजूदा सीजन में उन्होंने 10 मैचों में एक शतक और चार अर्धशतकों की मदद से 500 रन बनाए हैं। कोहली के पास आईपीएल की ऑरेंज कैप है। उनकी औसत 71.43 और स्ट्राइक रेट 147.49 का है।

# KKR vs DC Weather Report: कोलकाता में बारिश बनेगी विलेन? जानिए कैसा रहेगा ईडन गार्डन्स का मौसम




**श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम मौजूदा आईपीएल सीजन में शानदार फॉर्म में चल रही हैं। केकेआर की टीम आईपीएल 2024 की अंक तालिका में दूसरे पायदान पर है। केकेआर की टीम को पिछले मैच में पंजाब किंग्स से हार मिली थी। अब केकेआर की टीम का सामना दिल्ली कैपिटल्स से 29 अप्रैल को ईडन गार्डन्स में होना है।**

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के 47वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (चयक्र) की भिड़ंत दिल्ली कैपिटल्स (ष्ठष्ट)से होनी है। यह मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच मौजूदा सीजन में एक बार भिड़ंत हो चुकी है, जिसमें केकेऔर ने दिल्ली कैपिटल्स को 106 रन से हराया था। अब दिल्ली की टीम केकेआर से पिछली हार का बदला लेना चाहेंगी। दिल्ली को अपने होम ग्राउंड पर केकेआर से हार मिली थी और अब इस बार मैच केकेआर के होम ग्राउंड पर दिल्ली की टीम हार का हिसाब चुकता करना चाहेंगी। ऐसे में जानते हैं कोलकाता के ईडन गार्डन्स का मौसम कैसा रहेगा?

**KKR vs DC: कैसा रहेगा कोलकाता के ईडन गार्डन्स का मौसम?**

दरअसल, कोलकाता के ईडन गार्डन्स का मौसम काफी गर्म रहने वाला है। दिन के समय तापमान 42 डिग्री और रात होते-होते 29 डिग्री तक रह सकता है। मैच के दौरान बारिश होने की बेहद ही कम संभावना है। इसका मतलब फैंस पूरे 20-20 ओवर का मैच देख सकेंगे।

**KKR vs DC Pitch: कैसा खेलेगी ईडन गार्डन्स की पिच**

कोलकाता के ईडन गार्डन्स में विकेट पर उछाल रहता है। इस पिच पर गेंद बॉल पर अच्छे से आती है और गेंदबाजों के लिए यह पिच काफी फायदेमंद रहती है, लेकिन दूसरी पारी में स्पिनर्स का जलवा देखने को मिलता है। बड़ा ग्राउंड होने के चलते यहां बैटर्स को संभालकर खेलना होता है। केकेआर के इस मैदान पर अब तक जो भी मुकाबले खेले गए हैं, उसमें बड़े स्कोर देखने को मिले है।

**KKR vs DC Head-to-Head Record: केकेआर और दिल्ली के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड**

कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें तो दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 33 आईपीएल मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें दिल्ली की टीम ने 15 मैचों में जीत और कोलकाता ने 17 मुकाबले जीते हैं। वहीं, एक मैच बिना नतीजे कर रहा था।

SAVE WATER
SAVE TREE

# क्रेडिट कार्ड को करें इस तरह से मैनेज, कर्ज के तले दबने से बच जाएंगे

**नई दिल्ली।** Credit Card Management Techniques: क्रेडिट कार्ड (Credit Card) यूजर की संख्या में तेजी देखने को मिली है। ज्यादातर लोग क्रेडिट कार्ड के जरिये पेमेंट करना पसंद करते हैं। ऐसे में यह कहना बिल्कुल गलत नहीं होगा कि क्रेडिट कार्ड ने कैश फ्लो की जगह ले ली है। दरअसल, अब पर्स में कैश नहीं है पर फिर भी हमें कोई टेंशन नहीं। हम आसानी से क्रेडिट कार्ड के जरिये पेमेंट कर सकते हैं। यहां तक कि अब क्रेडिट कार्ड के जरिये यूपीआई (UPI) पेमेंट भी की जा सकती है। ऐसे में कई बार हम क्रेडिट कार्ड का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर देते हैं। इसका असर हमारे क्रेडिट स्कोर पर पड़ता है और हमारे ऊपर कर्ज भी चढ़ जाता है। ऐसे में क्रेडिट स्कोर को सही करने और बोझ को कम करने के लिए क्रेडिट कार्ड को सही से मैनेज करना जरूरी है। आज हम आपको क्रेडिट कार्ड को सही से मैनेज करने के लिए कुछ टिप्स बताएंगे जिसकी मदद से आप अपने सिबिल स्कोर को अच्छा कर सकते हैं और आप पर कोई कर्ज भी नहीं रहेगा।

**क्रेडिट लिमिट का सीमित इस्तेमाल**

जब हमारी इनकम कम होती है तो हम कई खर्चों के लिए क्रेडिट कार्ड को स्वाइप करते हैं। ऐसे में कई बार हम क्रेडिट कार्ड लिमिट से ज्यादा खर्च कर देते हैं। ऐसा करने से हमें बचना चाहिए। हमें कोशिश करनी चाहिए कि हम क्रेडिट लिमिट का 30 फीसदी ही इस्तेमाल करें। उदाहरण के तौर पर अगर कार्ड की लिमिट 1 लाख रुपये है तो हमें कोशिश करनी चाहिए कि हम केवल 30 फीसदी यानी 30,000 रुपये की खर्च करें। अगर हम इस लिमिट से ज्यादा खर्च करते हैं तो इसका असर हमारे क्रेडिट स्कोर पर पड़ता है।

**क्रेडिट बिल समय से भरें**

क्रेडिट कार्ड बिल (Credit Card Bill) की ड्यू डेट को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए। हमें हमेशा क्रेडिट बिल का समय से पेमेंट करनी चाहिए। अगर किसी वजह से आप बिल की पेमेंट करना भूल जाते हैं तो आपका क्रेडिट स्कोर गिर सकता है।

इसके अलावा अगर आप समय से बिल की पेमेंट नहीं करते हैं तो आप भविष्य में क्रेडिट कार्ड अपग्रेड (Credit Card Upgrade) की सुविधा का लाभ नहीं उठा पाएंगे।

**इंटरेस्ट रेट को समझें**

क्रेडिट कार्ड पर लगने वाला इंटरेस्ट (Credit Card Interest ) भी बहुत जरूरी होता है। अगर यूजर समय से क्रेडिट कार्ड का बिल नहीं भरता है तो बाद में बैंक इसकी भरपाई के लिए ज्यादा ब्याज लगता है। ऐसे में आपको यह समझना जरूरी है कि आप जिस कंपनी का क्रेडिट कार्ड ले रहे हैं उसके इंटरेस्ट रेट और प्रोसेसिंग चार्ज के बारे में अच्छे से समझें।

**ज्यादा खर्च से बचें**

कई बार हम रिवॉर्ड या फिर ऑफर के चक्कर में क्रेडिट कार्ड से ज्यादा खर्च कर लेते हैं। इस तरह के खर्च से हमें हमेशा बचना चाहिए। हम जितना खर्च करते हैं बाद में उसका भुगतान सही समय पर न करने की वजह से हम कर्ज के तले दब सकते हैं।

# EPF Account में गलत है सरनेम या डेट ऑफ बर्थ, यहां जानें इसे सुधारने का क्या है तरीका

**EPFO Rule रिटायरमेंट के बाद पेंशन का लाभ पाने के लिए कर्मचारी अपनी पहली नौकरी से ही एम्पलॉई प्रोविडेंट फंड (EPF) में योगदान देना शुरू कर देते हैं। कई लोगों के ईपीएफ अकाउंट में कुछ जानकारी जैसे सरनेम ये डेट ऑफ बर्थ गलत होता है। इस गलती में अगर सुधार नहीं किया जाता है तो बाद में फंड से पैसे निकालने में परेशानी होती है।**

**नई दिल्ली।** प्राइवेट कंपनी के कर्मचारी रिटायरमेंट के बाद पेंशन का लाभ पाने के लिए एम्पलॉई प्रोविडेंट फंड में योगदान करते हैं। जब कर्मचारी रिटायर हो जाता है तब उसे ईपीएफ फंड से एकमुश्त राशि के साथ पेंशन का लाभ भी मिलता है। कई कर्मचारी को ईपीएफ फंड से पैसे निकालने में परेशानी होती है। दरअसल, ईपीएफ अकाउंट में कोई भी जानकारी गलत होती है तब यह परेशानी आती है। ऐसे में आपको भी एक बार चेक करना चाहिए कि कहीं आपके पीएफ अकाउंट में किसी भी तरह की कोई जानकारी गलत तो नहीं है। अगर सरनेम, डेट ऑफ बर्थ या फिर अन्य कोई जानकारी गलत होती है तो आप इसे ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में ठीक कर सकते हैं।

कर्मचारी द्वारा पहले डिटेल्स को ठीक करने के लिए आवेदन दिया जाता है फिर इस आवेदन पर नियोक्ता द्वारा अप्रूव किया जाता है। इसके बाद ईपीएफओ ऑफिसर रिक्वेस्ट में किए गए सुधार/बदलाव को वेरिफाई करके अकाउंट को अपडेट कर देता है।

**कैसे करें रिक्वेस्ट**

**स्टेप1-** आपको ईपीएफओ के अधिकारिक पोर्टल पर जाकर,ह और पासवर्ड की मदद से अपना ईपीएफ अकाउंट लॉग-इन करना है।

**स्टेप 2-** अब होम पेज पर आपको मैनेज ऑप्शन में जाकर Modify Basic Details को सेलेक्ट करना है।

**स्टेप 3-** इसके बाद आपको सही जानकारी भरनी है जो आपके आधार कार्ड में मौजूद है। बता दें कि सिस्टम इसे आधार डाटा से वेरिफाई करेगा।

**स्टेप 4-** सभी जानकारी भरने के बाद आप pdate Details पर क्लिक करें।

इसके बाद यह रिक्वेस्ट नियोक्ता यानी कंपनी के पास जाएगी। कंपनी द्वारा रिक्वेस्ट को अप्रूव करने के बाद इन डिटेल्स को वेरिफाई करने के बाद अपडेट कर दिया जाएगा।

**ऑफलाइन कैसे करें आवेदन?**

ईपीएफ अकाउंट में मौजूद डिटेल्स को सही करने के लिए आपको उससे संबंधित फॉर्म भरकर कंपनी से अप्रूव करवाकर ईपीएफओ ऑफिस में भेजना होगा।

इसके बाद ईपीएफओ ऑफिसर फॉर्म को वेरिफाई करके अकाउंट को अपडेट कर देगा।

# आपके पास भी हैं यस बैंक, शांति एजुकेशन और IREDA के शेयर, तो मिल सकता है बंपर कमाई का मौका



**नई दिल्ली।** पिछले हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ, फिर भी कुछ कंपनियों के शेयरों ने काफी शानदार प्रदर्शन किया। इस हफ्ते भी उनका मोमेंटम बना रह सकता है। साथ ही, कुछ कंपनियों के तिमाही नतीजे जबरदस्त रहे हैं। उन पर भी निवेशक दांव लगा सकते हैं।

**शांति एजुकेशनल इनिशिएटिव**

यह स्मॉल कैप कंपनी है, जिसमें विदेशी निवेशकों ने काफी दिलचस्पी दिखाई है। शुक्रवार को बीएसई पर शांति एजुकेशनल इनिशिएटिव के शेयर करीब 14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 70.43 रुपये बंद हुए थे। पिछले 5 दिनों के दौरान इस स्टॉक में 20 प्रतिशत से अधिक का उछाल आया है। यह अपने 74.40 रुपये के हाई लेवल को भी टच कर चुका है। इसने 17 मई 2019 को 10 रुपये के अपने निचले स्तर को टच किया था। तब से इसने निवेशकों को 600 फीसदी का बंपर रिटर्न देकर मालामाल कर दिया है।

**यस बैंक पर भी रखें नजर**

यस बैंक ने पिछले कुछ वर्षों में काफी मुश्किल दौर देखा है। लेकिन, अब चीजें धीरे-धीरे इसके पक्ष में आ रही हैं। हले तो उसके को-फाउंडर रहे राणा कपूर को चार साल बाद जमानत मिली। फिर रिपोर्ट आई कि जापान और दुबई के कुछ निवेशक बैंक में पैसे लगा सकते हैं। इन सकारात्मक खबरों से यस बैंक के शेयरों की रफ्तार भी बढ़ी। वहीं, शनिवार को बैंक ने अपने तिमाही नतीजों का एलान किया, जिसमें इसका मुनाफा 123 प्रतिशत बढ़ा है। पिछले कारोबारी सत्र में यस बैंक के शेयर 0.73 प्रतिशत की तेजी के साथ 26.15 रुपये पर बंद हुए थे। बैंक ने पिछले 6 महीने में निवेशकों को करीब 65 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

**IREDA को नवरत्न दर्जा**

पब्लिक सेक्टर की भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (IREDA) ने शुक्रवार को बताया कि उसे सरकार नवरत्न दर्जा मिल गया है। अब नवरत्न सार्वजनिक उद्यमों की कुल संख्या 17 हो गई है। ये कंपनियां केंद्र से मंजूरी लिए बिना 1,000 करोड़ रुपये तक का निवेश कर सकती हैं। साथ ही, ढ्ढक्रश्वष्ठ के तिमाही और सालाना नतीजे भी शानदार रहे हैं। ढ्ढक्रश्वष्ठ के शेयर सोमवार को 2 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ 170.65 रुपये पर बंद हुए। पिछले 6 महीने में कंपनी ने करीब 185 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

इन कंपनियों के अलावा ICICI Bank, RBL Bank और IDFC First Bank ने शनिवार को अपने नतीजे जारी किए। निवेशक सोमवार को बाजार खुलने पर इन पर अपनी प्रतिक्रिया दे सकते हैं।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने मार्केट बंद होने से थोड़ा पहले रिजल्ट जारी किया था। उस पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।

# घर के मुख्य दरवाजे पर लगाएं घोड़े की नाल, सुख-सौभाग्य में होगी अपार वृद्धि

**वास्तु शास्त्र के अनुसार घोड़े की नाल को बहुत ही शुभ माना जाता है। ऐसे में यदि आप अपने घर में घोड़े की नाल को उत्तर पश्चिम या फिर उत्तर-पश्चिम दिशा में लगाते हैं तो यह उपाय इंसान के जीवन के लिए बेहद फलदायी होता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि घर के मुख्य दरवाजे पर घोड़े की नाल लगाने से किस तरह के लाभ मिलते हैं।**




**नई दिल्ली।** Ghode ki naal ke fayde: सनातन धर्म में वास्तु शास्त्र का खास महत्व है। वास्तु शास्त्र में ऐसे कई उपायों का जिक्र किया गया है, जिनको करने से इंसान को जीवन की परेशानियों से छुटकारा मिलता है। इनमें से एक उपाय है घोड़े की नाल। माना जाता है कि घोड़े की नाल के उपाय करने से इंसान का जीवन सदैव सुखमय रहता है और मां लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। वास्तु शास्त्र की मानें तो घर के मुख्य दरवाजे पर घोड़े की नाल लगाना बेहद शुभ होता है। इससे नजर दोष से छुटकारा मिलता है। साथ ही घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली का आगमन होता है। ऐसे में आइए जानते हैं घर के मुख्य दरवाजे पर घोड़े की नाल लगाने से किस तरह के लाभ मिलते हैं।

**मिलते हैं ये लाभ**

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घोड़े की नाल घर के उत्तर या पूर्व दिशा में लगाना शुभ माना गया है। कहा जाता है कि इससे सुख-सौभाग्य में अपार वृद्धि होती है। वास्तु शास्त्र की मानें तो घर के मुख्य दरवाजे पर घोड़े की नाल को लगाना इंसान के जीवन के लिए बेहद फलदायी माना गया है। अगर आप घोड़े की नाल को घर के मुख्य दरवाजे पर लगाते हैं, तो इससे आर्थिक तंगी से छुटकारा मिलता है और पैसे से संबंधित परेशानी दूर होती है। अगर आपको लंबे समय से नौकरी नहीं मिल रही है, तो ऐसे में घोड़े की नाल से बनी अंगूठी को बीच की उंगली में धारण कर लें।

मान्यता है कि यह उपाय करने से जल्द जॉब लग सकती है।

यदि आप शनि के अशुभ प्रभावों का सामना कर रहे हैं, तो इसके लिए एक बर्तन में तेल और घोड़े की नाल को ड़ालकर शमी के पेड़ के नीचे दबा दें। ऐसा माना जाता है कि यह टोटका करने से शनि की महादशा से मुक्ति मिलती है।

# न्यूजीलैंड ने T20 World Cup 2024 के लिए किया 15 सदस्यीय टीम का एलान, इस अनुभवी खिलाड़ी के हाथों में होगी कमान



**न्यूजीलैंड ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। न्यूजीलैंड पहला देश बना जिसने टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम का एलान किया। न्यूजीलैंड की टीम टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अपने अभियान की शुरुआत अफगानिस्तान के खिलाफ 7 जून को करेगी। केन विलियमसन को कीवी टीम की कमान सौंपी गई है।**

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने सोमवार को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। न्यूजीलैंड टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए टीम की घोषणा करने वाला पहला देश बना। कीवी टीम ने नुभवी केन विलियमसन को प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए कप्?तान बनाया है। टीम में ट्रेंट बोल्ट और टिम साउथी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को भी जगह मिली है। केन विलियमसन टी20 वर्ल्ड कप में छठी बार खेलेंगे और कप्तान के रूप में उनका चौथा एडिशन होगा। टिम साउथी सातवीं बार इस टूर्नामेंट में शिरकत करेंगे जबकि बोल्ट का यह पांचवां टी20 वर्ल्ड कप होगा। न्यूजीलैंड की टीम पहली बार टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीतना चाहेगी।

**कई लोग चयन से चूके**

न्यूजीलैंड की टीम में कोई हैरानीभरा सेलेक्शन नहीं हुआ। प्रमुख तेज गेंदबाज काइल जेमिसन और ऑलराउंडर एडम मिलने चोटिल होने के कारण चयन का हिस्सा नहीं रहे। वहीं, विलियम ओ रुड़की, टॉम लैथम, टिम सीफर्ट और विल यंग पिछले कुछ समय में अच्छा फॉर्म दिखाने के बावजूद चयन से चूक गए।

**रवींद्र पर जताया भरोसा**

अनुभवी ओपनर कॉलनि मुनरो की वापसी नहीं हो सकी। न्यूजीलैंड ने युवा रचिन रवींद्र पर भरोसा जताया। इसके अलावा तेज गेंदबाज मैट हेनरी को शामिल किया गया है। कीवी टीम ने युवा तेज गेंदबाज बेन सियर्स पर भी भरोसा जताया, जिन्हें ट्रेवलिंग रिजर्व के रूप में शामिल किया गया है।

**न्यूजीलैंड का पहला मैच**

बता दें कि न्यूजीलैंड की टीम टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अपने अभियान की शुरुआत 7 जून को गयाना में अफगानिस्तान के खिलाफ करेगी। ग्रुप सी में न्यूजीलैंड के साथ सह-मेजबान वेस्टइंडीज, युगांडा और पापुआ न्यू गिनी भी हैं।

**टी20 वर्ल्ड कप के लिए न्यूजीलैंड स्क्वाड**

केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलेन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लोकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डैरिल मिचेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिचेल सैंटनर, ईश सोढ़ी और टिम साउथी।

# CSK vs SRH: Ruturaj Gaikwad का टूटा दिल! सिर्फ 2 रन और बना लेते तो आईपीएल में रच देते इतिहास



**सुपर संडे में आरसीबी की टीम ने गुजरात टाइटंस को 9 विकेट से धूल चटाई। दूसरे मैच में सीएसके की टीम ने हैदराबाद को 213 रन का लक्ष्य दिया। सीएसके की तरफ से रुतुराज गायकवाड़ ने 98 रन की बेहतरीन पार खेली जबकि जेरिल मिचेल ने फिफ्टी ठोकी। रुतुराज गायकवाड़ मैच में सिर्फ 2 रन से शतक जड़ने से चूक गए।**

**नई दिल्ली।** चेपॉक में रुतुराज गायकवाड़ शतक जड़ने से महज 2 रन और चूक गए। रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले जा रहे आईपीएल 2024 के मैच में सीएसके के कप्तान रुतुराज ने 54 गेंदों का सामना करते हुए 98 रन बनाए, लेकिन आखिरी ओवर में वह आउट हो गए। चेपॉक में हर किसी को उम्मीद थी कि रुतुराज अपना शतक पूरा कर लेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। चेपॉक में रुतुराज गायकवाड़ का दिल टूट गया। रुतुराज शतक जड़ लेते तो वह आईपीएल में इतिहास रच देते। दरअसल, रुतुराज गायकवाड़ अगर 2 रन और बना लेते तो वह आईपीएल में एक नया रिकॉर्ड बना लेते। चेपॉक में रुतुराज गायकवाड़ 98 रन पर आउट हुए। वह अगर शतक बना लेते तो वह आईपीएल इतिहास के पहले ऐसे कप्तान बन जाते, जिन्होंने आईपीएल में लगातार मैचों में शतक जड़े, लेकिन आखिरी ओवर में रुतुराज गायकवाड़ बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में टी नटराजन का शिकार बने। रुतुराज ने इससे पिछले हफ्ते लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 60 गेंदों पर 108 रन बनाए थे।

**आईपीएल में लगातार शतक जड़ने वाले बैटर**

2020 में शिखर धवन
2022 में जोस बटलर
2023 में विराट कोहली
2023 में शुभमन गिल

बता दें कि आईपीएल में अब तक केवल 4 बल्लेबाजों ने लगातार शतक लगाए हैं। शुभमन गिल और विराट कोहली ने साल 2023 में यह कारनामा किया था। अगर बात करें मैच की तो बता दें कि टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी सीएसके की टीम ने 3 विकेट पर 212 रन बनाए। रुतुराज गायकवाड़ ने कप्तानी पारी खेली और 54 गेंदों पर 98 रन बनाए। उनकी पारी में 3 छक्के और 10 चौके शामिल रहे। उनके अलावा डेरेल मिचेल ने 32 गेंदों पर 52 रनों की तूफानी पारी खेली। अंत में शिवम दुबे ने 20 गेंदों पर नाबाद 39 रन जड़े।

# IPL 2025 नीलामी में शायद इस दिग्गज भारतीय खिलाड़ी को नहीं मिले खरीदार, वीरेंद्र सहवाग ने दिया बेबाक बयान



**वीरेंद्र सहवाग ने दिग्गज खिलाड़ी के बारे में चिंता जताई है। आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व कर रहे खिलाड़ी के मौजूदा प्रदर्शन को देखते हुए सहवाग ने कहा दिया कि अगले सीजन में वो अनसोल्ड रह सकते हैं। सहवाग ने जिस खिलाड़ी के बारे में बयान दिया उसने हाल ही में कहा था कि टी20 क्रिकेट में विकेट लेना मायने नहीं रखता है।**

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व विस्फोटक ओपनर वीरेंद्र सहवाग ने दिग्गज ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन के मौजूदा आईपीएल फॉर्म पर चिंता व्यक्त की है। आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व कर रहे अश्विन ने अब तक 8 मैचों में केवल दो विकेट चटकाए हैं। उन्होंने काफी रन भी खर्च किए हैं। रविचंद्रन अश्विन ने गेंदबाजी में संघर्ष करने के बावजूद कहा था कि टी20 क्रिकेट में विकेट लेना मायने नहीं रखता है। अश्विन के बयान पर सहवाग ने भड़ास निकालते हुए कहा कि अनुभवी स्पिनर अगले सीजन में नीलामी में अनसोल्ड रह सकते हैं।

**वीरेंद्र सहवाग ने क्या कहा**

वीरू ने क्रिकबज से बातचीत में कहा, यह तो बिलकुल वैसी बात है, जब केएल राहुल ने कहा था कि स्ट्राइक रेट मायने नहीं रखता। बिलकुल वो ही बात कही गई। राहुल ने बल्लेबाजी के लिए कहा था, अश्विन ने गेंदबाजी के लिए कहा कि अगर आपको विकेट नहीं मिले तो मायने नहीं रखता। अगर उनके आंकड़ें बेहतर नहीं तो आप उनसे 25-30 रन खर्च करने की उम्मीद करेंगे या विकेट लेने की अपेक्षा रखेंगे ताकि वो दो या तीन बार प्लेयर ऑफ द मैच बने?

**अश्विन की तुलना साथियों से की**

वीरेंद्र सहवाग ने रविचंद्रन अश्विन की तुलना अन्य साथियों युजवेंद्र चहल और कुलदीप यादव से की, जो नियमित अंतराल पर विकेट निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा,अश्विन के प्रतिस्पर्धियों को देखें-चहल, कुलदीप या कोई और- वो नियमित अंतराल में विकेट ले रहे हैं। उन्हें लगता है कि अगर वो ऑफ स्पिन करेंगे तो कोई भी प्रहार करेगा।

वीरू ने साथ ही कहा, यही वजह है कि अशविन कैरम बॉल डाल रहे हैं और इस वजह से उन्हें विकेट नहीं मिल रहे हैं। हो सकता है कि अगर वो अपनी स्पिन या दूसरा पर विश्वास करें तो ज्यादा विकेट ले सकते हैं। मगर यही उनकी मानसिकता है। अगर मैं किसी फ्रेंचाइजी का कोच या मेंटर रहूंगा तो इस तरह नहीं सोचूंगा। अगर मेरा गेंदबाज रन बचाने की सोच रहा है और विकेट नहीं ले रहा तो उसको टीम में जगह नहीं मिलेगी।

**राजस्थान का रॉयल प्रदर्शन**

रविचंद्रन अश्विन भले ही खराब फॉर्म से जूझ रहे हो, लेकिन उनकी फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स का प्रदर्शन टॉप क्लास चल रहा है। राजस्थान रॉयल्स ने अपने 9 मैचों में 8 जीत दर्ज की और 16 अंकों के साथ आईपीएल 2024 की प्वाइंट्स टेबल में नंबर-1 पर काबिज है। आरआर का अगला मैच सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। अगर रॉयल्स इस मुकाबले को जीती तो प्लेऑफ में क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन जाएगी।

# आपके खुशहाल जीवन में ग्रहण लगा सकता है कैंसर, इन फूड्स आइटम्स से करें इससे बचाव



**कैंसर एक गंभीर बीमारी है जो दुनियाभर में सभी के लिए एक चिंता का विषय बनी हुई है। इसकी वजह हर साल कई लोग अपनी जान गवां देते हैं। ऐसे में जरूरी है कि इस बीमारी से अपना और अपनों का ख्याल रखा जाए। अपनी जीवनशैली और खानपान में बदलाव आप काफी हद तक खुद को कैंसर से बचा सकते हैं।**

**नई दिल्ली।** कैंसर एक ऐसी बीमारी है, जो किसी को भी अपनी चपेट में ले सकती हैं। दुनियाभर में यह मौत का बहुत बड़ा कारण बना हुआ है। साल 2020 में ही लगभग 10 मिलियन मौत का कारण कैंसर रहा है। यही वजह है कि लोग इससे बचने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं।

आमतौर पर अपनी लाइफस्टाइल और खानपान को सुधारकर काफी हद तक इस गंभीर और जानलेवा बीमारी से बचा जा सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ऐसे फूड आइटम्स के बारे में बताएंगे, जो आपकी सेहत के लिए फायदेमंद साबित होंगे और आपको कैंसर से बचाने में भी मदद करेंगे।

**लेग्यूम**

दाल, बीन्स, मटर, काबुली चना जैसी चीजें लेग्यूम की श्रेणी में आते हैं। शोध के अनुसार प्रतिदिन एक कटोरी लेग्यूम लेने से 4 साल तक स्वस्थ जीवन की अवधि बढ़ाई जा सकती है, क्योंकि ये एक अच्छे एंटीऑक्सीडेंट, एंटी इन्फ्लेमेटरी और विटामिन और मिनरल से भरपूर होते हैं। एक स्टडी के अनुसार पर्याप्त मात्रा में लेग्यूम का सेवन करने से प्रॉस्टेट और पेट के कैंसर से बचा जा सकता है।

**हेल्दी फैट**

नट्स, सीड्स, एवोकाडो, ऑलिव जैसी चीजों में मौजूद फैट हेल्दी फैट होता है। स्वस्थ कोशिकाओं के निर्माण में हेल्दी फैट का अहम रोल होता है। फैट के नुकसान से बचने के लिए एक सीमित मात्रा में इनका सेवन करना चाहिए।

**रेनबो डाइट**

रेनबो प्लैटर में अलग-अलग वैरायटी के हेल्दी फूड्स शामिल होते हैं, जो स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिलता है। सेब, संतरा, केला, तरबूज़, पालक, खीरा, गाजर, टमाटर, धनिया आदि जैसे अलग-अलग रंगों के फल और सब्जी से अपना प्लैटर सजाएं और भरपूर मात्रा में विभिन्न न्यूट्रिएंट्स का सेवन करें। इनमें मौजूद फाइटोकेमिकल ब्रेस्ट, लंग्स और कोलोन कैंसर से बचाव करने में सक्षम माना जाता है।

**ग्रीन टी**

इसमें मौजूद एंटी कैंसर गुण इसे आजकल की जीवनशैली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाती है। यह शरीर को डिटॉक्स करने के साथ अन्य संक्रमण से बचाती है, जिसमें कैंसर भी शामिल है।

**लहसुन-प्याज**

भारतीय किचन में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले लहसुन और प्याज के सेवन से 60त्न तक ब्रेस्ट कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है। एंटी ऑक्सीडेंट और एंटी इन्फ्लेमेटरी गुणों से भरपूर लहसुन प्याज कैंसर की कोशिकाओं को टारगेट कर उन्हें मारते हैं। प्याज में मौजूद क्र्सटिन एक बहुत ही मजबूत एंटी कैंसर एजेंट है।

# इस दिन शुरू होगी राम चरण और कियारा आडवाणी की फिल्म गेम चेंजर के नए शेड्यूल की शूटिंग



**राम चरण की फिल्म गेम चेंजर का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं । फिल्म रिलीज में अभी तोड़ा वक्त है । बता दें अभी तक मूवी की शूटिंग पूरी नहीं हो पाई है। अब एक जल्द नए शेड्यूल की शूटिंग शुरू होने जा रही है। जो कुछ समय से रुकी हुई थी ।**

**नई दिल्ली।** ग्लोबल स्टार राम चरण जल्द अभिनेत्री कियारा आडवाणी के साथ फिल्म फिल्म गेम चेंजर में नजर आएंगे। अभिनेता के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने फैंस को सरप्राइज के तौर पर %गेम चेंजर% का एक गाना रिलीज किया था, जिसमें राम और कियारा का गजब डांस देखने को मिला था।

गाने को देख फैंस फिल्मी के काफी एक्साइटेड नजर आए, लेकिन अभी तक फिल्म की शूटिंग पूरी नहीं हो पाई है। यूं तो पिछले साल मूवी की शुरू हुई थी, लेकिन अभी तक पूरी नहीं पाई है।

जानें कब होगी नए शेड्यूल की शूटिंग राम चरण और कियारा आडवाणी ने काफी हद तक फिल्म गेम चेंजर की शूटिंग पूरी कर ली है। अब एक जल्द नए शेड्यूल की शूटिंग शुरू होने जा रही है। जो कुछ समय से रुकी हुई थी। 123 तेलुगु की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म के निर्देशक एस शंकर की बेटी की शादी के चलते फिल्म की शूटिंग थोड़े समय के लिए रोक दिया गया था, लेकिन अब 1 मई से फिर से शूटिंग शुरू होने जा रही है।

**शूटिंग लोकेशन चेन्नई होगी**

बता दें, गेम चेंजर का एक अहम हिस्सा शूट हो चुका है। इसमें राम चरण, सुनील और नवीन चंद्र पर फिल्माए सीन की शूटिंग की जानी थी। अब नए शेड्यूल की शुरुआत 1 मई से चेन्नई की होगी। %गेम चेंजर% में राम चरण के अलावा कियारा आडवाणी, एसजे सूर्या, जयराम, अंजलि, श्रीकांत, समुथिरकानी, सुनील और नासर भी अभिनय करते नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण दिल राजू कर रहे हैं।

**बड़े बजट की फिल्म है गेम चेंजर**

गेम चेंजर एक पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म है। यह बहुत बड़े बजट वाली फिल्म है। कहा जा रहा है कि इसका बजट 300 से 400 करोड़ रुपये के बीच का है। %गेम चेंजर% में राम चरण दो किरदार निभाते हुए नजर आएंगे।

**राम चरण की आने वाली फिल्म**

राम चरण के वर्क फ्रंट की बात करें राम चरण जल्द फिल्म गेम चेंजर के अलावा आरसी 16 और आरसी 17 में भी नजर आएंगे।

# Kalki 2898 AD: प्रभास के फैंस को मिलेगी बड़ी सौगात, कल्कि 2898 एडी की रिलीज डेट का आज होगा एलान



**नई दिल्ली।** बाहुबली फेम कलाकार प्रभा की मोस्ट अवेटेड फिल्म कल्कि 2898 एडी को लेकर इस वक्त जबरदस्त हाइप बना हुआ है। माइथोलॉजिकल साइंस फिक्शन के आधार पर इस मूवी की चर्चा काफी हो रही है। हाल ही में कल्कि का एक लेटेस्ट टीजर रिलीज किया गया, जिसमें अमिताभ बच्चन के किरदार अश्वत्थामा के राज से पर्दा उठा।

अब फिल्म के मेकर्म कल्कि 2898 एडी (Kalki 2898 AD) को लेकर कुछ बड़ी घोषणा करने के लिए तैयार हैं। जिसके लिए उन्होंने सोशल मीडिया पर मूवी का एक लेटेस्ट पोस्टर शेयर कर अपटेड दिया है। ऐसा माना जा रहा है कि आज कल्कि 2898 एडी की रिलीज डेट आ सकती हैं।

**कल्कि को लेकर आएगा बड़ा अपडेट**

साउथ सिनेमा के दिग्गज निर्देशक नाग अश्विन की फिल्म कल्कि 2898 एडी प्रभास के करियर के लिए बहुत अहम फिल्म मानी जा रही है। शनिवार को मेकर्स की तरफ से ऑफिशियल एक्स अकाउंट पर कल्कि का लेटेस्ट पोस्टर शेयर किया गया है।

इसके साथ कैप्शन में इस बात की जानकारी दी गई है कि आज शाम 5 बजे फाइनल काउंटडाउन शुरू होगा। कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं के इस पोस्ट से ये अनुमान लगाया जा रहा है कि आज फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा की जा सकती है।

रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि 27 जून को ये मूवी सिनेमाघरों में रिलीज की जा सकती है। जबकि इसकी पिछली रिलीज डेट 9 मई थी। ऐसे में अब देखना ये है कि प्रभास की ये बहुचर्चित मूवी आखिर कब सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

**कल्कि 2898 एडी में ये कलाकार**

फिल्म कल्कि 2898 एडी एक मल्टी स्टारर मूवी साबित होगी। इसमें प्रभास और अमिताभ बच्चन के अलावा बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी भी अहम भूमिकाओं में दिखेंगी। सिर्फ इतना ही नहीं साउथ के दिग्गज कलाकार कमल हासन भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

# महिला पर भारी पड़ी खूबसूरत बनने की चाह, Vampire Facial कराने के बाद हुई HIV का शिकार




**इन दिनों हर कोई खूबसूरत दिखना चाहता है और अपनी इसी खूबसूरती को निखारने के लिए लोग कई उपाय अपनाते हैं। आजकल कई तरह के स्किन ट्रीटमेंट और कॉस्मेटिक प्रोसेस लोगों के बीच लोकप्रिय हो चुके हैं। वैम्पायर फेशियल इन्हीं में से एक है जिसे लेकर हाल ही में चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है। न्यू मैक्सिको में कराने के बाद एक महिला का शिकार हो गई।**

**नई दिल्ली।** खूबसूरत दिखने की चाह में लोग कई उपाय अपनाते हैं। ब्यूटी केयर प्रोडक्ट्स से लेकर स्किन ट्रीटमेंट तक इन दिनों लोग खुद को बेहतर बनाने की चाह में कई तरह के तरीकों को अपना रहे हैं। वैम्पायर फेशियल इन्हीं तरीको में से एक है। यह एक तरह की कॉस्मेटिक प्रोसेस है, जो स्किन टोन बेहतर करने के लिए की जाती है, लेकिन हाल ही में इसे लेकर एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। बीते दिनों जहां हेयर स्ट्रेटनिंग से किडनी डैमेज होने की खबर सामने आई थी, वहीं अब फेशियल की वजह से एचआईवी होने का मामला सामने आया है। हाल ही के एक मामले ने वैम्पायर फेशियल के जरिए एचआईवी के अप्रत्याशित संचरण की ओर ध्यान आकर्षित किया है। मामला न्यू मैक्सिको का है, जहां एक महिला के साथ दो अन्य लोग ।्रढ्ढङ्क या एचआईवी से संक्रमित हो गए। इस पूरे मामले में अमेरिकन हेल्थ एजेंसी, सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन की एक रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलास हुआ है।

सीडीसी के अनुसार, यह मामला तब सामने आया जब ग्राहक वैम्पायर फेशियल कराने के बाद साल 2018 में एचआईवी पॉजिटिव पाई गई। इसके बाद हुई जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं। इस दौरान पता चला कि इस सैलून में एक ऐसी चीजों को दोबारा इस्तेमाल किया जा रहा था, जो असल में सिंगल यूज उपकरण थे। साथ ही वहां कई बिना लेबल वाली खून की शीशियां भी मिली।

फिलहाल इस वायरस के ट्रांसमिशन का सटीक वजह साफ नहीं हो पाई है, लेकिन जांचकर्ताओं को संदेह है कि कंटेमिनेटेड सुइयां या रीयजू खून की शीशियां इसके के लिए जिम्मेदार हो सकती हैं। इस मामले में चौंकाने वाली बात यह है कि स्पा जाने के तुरंत बाद कुछ ग्राहक एचआईवी पॉजिटिव पाए गए, जबकि उनमें वायरस के लिए कोई ज्ञात जोखिम कारक नहीं था।

**HIV क्या है?**

एचआईवी इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस है, जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करता है। अगर समय रहते इस वायरस की पहचान कर इलाज नहीं किया जाता है, तो यह एड्स (अक्क्वायर्ड इम्यूनोडिफीसिअन्सी सिंड्रोम) का कारण बन सकता है और फिलहाल इसका कोई प्रभावी इलाज नहीं है।

**क्या है वैम्पायर फेशियल?**

वैम्पायर फेशियल एक लोकप्रिय कॉस्मेटिक प्रोसेस है, जिसे प्लेटलेट-रिच प्लाज्मा माइक्रोनीडलिंग के रूप में भी जाना जाता है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें किसी व्यक्ति का रक्त खींचा जाता है और प्लेटलेट्स को अलग कर दिया जाता है। फिर इन प्लेटलेट्स को छोटी सुइयों का उपयोग करके चेहरे में इंजेक्ट किया जाता है, जो मुश्किल से त्वचा में जाती हैं। जो लोग इस प्रक्रिया को पसंद करते हैं, उनका कहना है कि यह झुर्रियों और मुंहासों के दागों को कम करके त्वचा को बेहतर बना सकता है।

# बादाम का तेल है सेहत के गुणों का भंडार, फायदे जानकर आप भी रह जाएंगे हैरान

**आपने सुना होगा कि बादाम का तेल सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसमें इतने पोषक तत्व पाए जाते हैं जो सेहत से जुड़ी कई समस्याओं को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसलिए बादाम के तेल का इस्तेमाल काफी समय से हमारे घरों में होता आया है और हमारी नानी-दादी भी इसका इस्तेमाल करती थीं। आइए जानते हैं बादाम के तेल से मिलने वाले फायदे।**

**नई दिल्ली।** Almond Oil Benefits: आपने एक ऐड तो देखा ही होगा- फाइव प्रॉब्लम्स वन सॉल्यूशन, आज हम आपको जिस चीज के बारे में बताने वाले हैं, वह इस लाइन पर बिल्कुल खरा उतरता है। हम बात कर रहे हैं बादाम के तेल की। बादाम के तेल में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो न केवल आपको बीमारियों से बचाते हैं बल्कि आपकी त्वचा और बालों के लिए भी काफी फायदेमंद होते हैं।

बादाम का तेल माइक्रोन्यूट्रिएंट्स से भरपूर होता है। इसमें विटामिन-ए, विटामिन-ई, ओमेगा-3 फैटी एसिड, एंटी-ऑक्सीडेंट्स, प्रोटीन, मैग्नीशियम और बायोटीन पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए काफी महत्वपूर्ण होते हैं। साथ ही, इसमें एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटी हिपाटोटॉक्सिक गुण भी पाए जाते हैं। इन्हीं गुणों के कारण बादाम का तेल काफी समय से हमारे जीवन का हिस्सा है और सेहत के लिए इतना लाभदायक माना जाता है। इस आर्टिकल में हम बादाम के तेल के इस्तेमाल से आपकी पूरी सेहत को क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं, इस बारे में बताने वाले हैं। आइए जानते हैं, बादाम के तेल के फायदे।

**त्वचा को निखारता है**

बादाम के तेल में विटामिन ई, बायोटीन और एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो त्वचा के लिए काफी लाभदायक होते हैं। एंटी-ऑक्सीडेंट्स सन डैमेज को कम करते हैं, जिससे सनबर्न और डार्क स्पॉट्स होने का जोखिम कम होता है। साथ ही, यह स्किन को मॉइस्चराइज करता है, जिससे एक्जीमा या सोरोसिस की समस्या से काफी राहत मिल सकती है। बादाम का तेल एजिंग के लक्षणों को कम करने में भी मदद करता है।

**मजबूत बाल**

बादाम का तेल बालों को मजबूत बनाता है और बाल झड़ने की समस्या को भी कम करता है। यह स्कैल्प को मॉइस्चराइज करता है, जिससे खुजली कम होती है। इसमें मौजूद एंटी माइक्रोबियल गुण की वजह से डैंड्रफ कम होता है और स्कैल्प हेल्दी रहता है। यह बालों को मॉइस्चराइज करता है, जिससे बालों की फ्रिजिनेस दूर होती है।

**दिल के लिए फायदेमंद**

बादाम के तेल में ओमेगा-3 फैटी एसिड, विटामिन ई और एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो दिल के लिए लाभदायक होते हैं। बादाम के तेल में मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड पाया जाता है, जो गुड कोलेस्ट्रॉल बढ़ाता है, जिससे दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। इतना ही नहीं, गुड कोलेस्ट्रॉल आर्टरीज को ब्लॉक नहीं होने देता, जिससे स्ट्रोक का भी खतरा काफी कम होता है।

**दिमाग हेल्दी रहता है**

बादाम के तेल में ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है, जो दिमाग के लिए काफी फायदेमंद होता है। यह कॉग्नीटिव फंक्शन को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड अल्जाइमर जैसी न्यूरोडिजेनेरेटिव डिजीज के खतरे को कम करने में सहायता करता है।

**इम्युनिटी मजबूत बनती है**

बादाम के तेल में विटामिन ई और पॉलीफिनॉल जैसे एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में काफी मदद करते हैं।

# अक्षय कुमार न होते तो जिंदा नहीं होती लारा दत्ता इस गाने की शूटिंग के दौरान जान पर खेलकर बचाई थी जान



**नई दिल्ली।** लारा दत्ता को सिनेमा जगत में 21 साल हो गए हैं। मॉडलिंग में सफलता हासिल करने के बाद एक्ट्रेस ने अभिनय के क्षेत्र में भी लोहा मनवाया है। साल 2000 में मिस यूनिवर्स का खिताब जीतने के बाद लारा दत्ता ने फिल्मी दुनिया में कदम रखा था। उन्होंने उस वक्त अपनी को-कंटेस्टेंट और मिस वर्ल्ड बनीं प्रियंका चोपड़ा के साथ फिल्म अंदाज (2003) से बॉलीवुड में कदम रखा था। राज कंवर के निर्देशन में बनी फिल्म अंदाज में अक्षय कुमार भी लीड रोल में थे। इस फिल्म का एक गाना रब्बा इश्क न होवे भी काफी पॉपुलर हुआ था। मगर शायद ही आपको पता हो कि यह गाना लारा की जान का दुश्मन बन गया था। इस गाने की शूटिंग की वजह से लारा दत्ता की जान जाते-जाते बची थी। तब अक्षय थे, जिनकी वजह से लारा बच पाई थीं। खुद लारा भी एक इंटरव्यू में कह चुकी हैं कि अक्षय ने उनकी जान बचाई है।

**रब्बा इश्क न होवे लारा के लिए बना था मुसीबत**

दरअसल, अंदाज का गाना रब्बा इश्क न होवे गाने की शूटिंग साउथ अफ्रीका के केप टाउन में होनी थी। लारा और अक्षय समंदर किनारे चट्टान पर शूटिंग कर रहे थे। यूं तो सारी सिक्योरिटी का ध्यान रखा गया था, लेकिन शूट के दौरान अचानक एक तेज लहर आई और लारा कुछ समझ पातीं, इतने में वह लहरों में बहकर फिसल गईं और समंदर में जा गिरीं।

**अक्षय कुमार ने दी थी लारा को दूसरी जिंदगी**

दिक्कत की बात यह थी कि लारा दत्ता को तैरना भी नहीं आता था। शुक्र है कि अक्षय कुमार ने तुरंत समंदर में छलांग लगाकर लारा को बचा लिया था। इस घटना के बाद लारा और अक्षय अच्छे दोस्त बन गए थे।

**अक्षय और लारा ने इन फिल्मों में किया काम**

अक्षय कुमार और लारा दत्ता ने अंदाज के बाद कई फिल्मों में साथ काम किया है। वह हाउसफुल भागम भाग, बेल बॉटम, इंसान और ब्लू जैसी फिल्मों में साथ काम किया है।

एक बार फिर अक्षय और लारा की जोड़ी पर्दे पर दिखाई देगी। वह वेलकम टू द जंगल में अक्षय के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म 20 दिसंबर 2024 को रिलीज होगी।

# फरदीन के बाद इमरान खान स्क्रीन पर दमदार वापसी को तैयार 9 साल बाद मिला जाने तू या जाने ना एक्टर को बड़ा मौका

**Aamir Khan के भांजे Imran Khan एक लंबे समय से फिल्मी पर्दे से दूर थे लेकिन अब 9 साल के लंबे इंतजार के बाद वह फिल्मी पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। Jaane Tu Ya Jaane Na एक्टर इमरान खान वीरदास की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म से इंडस्ट्री में अपनी दूसरी पारी खेलेंगे। उनकी इस दूसरी पारी में उन्हें मामा आमिर खान का साथ भी मिलेगा।**



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसे एक्टर्स हैं, जो लंबे समय से स्क्रीन से गायब थे। वो कहां थे, क्या कर रहे थे इसके बारे में दर्शक हमेशा जानने को बैचेन रहे हैं। बीते साल एनिमल से 90 के दशक के मशहूर अभिनेता बॉबी देओल ने जहां 10 मिनट के रोल से हर किसी के दिल पर राज कर लिया, तो वहीं अब संजय लीला भंसाली की हीरामंडी से फरदीन खान भी एक अरसे बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर अपनी अभिनय कला दिखाते हुए नजर आएंगे। इस बीच ही अब जाने तू या जाने ना और डेली-बेली फिल्मों से दर्शकों पर अपना चार्म चला चुके इमरान खान को भी स्क्रीन पर एक बार फिर से बिग स्क्रीन पर लौटने का मौका मिला है। इतना ही नहीं, उनकी फिल्म में पहली बार आमिर खान भी नजर आएंगे।

**9 साल बाद बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं इमरान खान**

आमिर खान के भांजे इमरान खान एक लंबे समय से स्क्रीन से दूर हैं। हालांकि,वह अपनी पत्नी अवंतिका मलिक से तलाक को लेकर गर्लफ्रेंड संग लेखा वाशिंगटन के साथ किराए के मकान में शिफ्ट होने को लेकर चर्चा में रहे। अब हाल ही में एंटरटेनमेंट पोर्टल पीपिंगमून की रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमरान खान फिल्म हैप्पी पटेल से 9 साल के बाद वापसी करने जा रहे हैं। उनकी आगामी फिल्म की शूटिंग गोवा में होगी। खास बात ये है कि उनकी आगामी फिल्म की कमान एक्टर और कॉमेडियन वीर दाससंभाल रहे हैं। इमरान खान और वीर दास की जोड़ी इससे पहले डेली-बेली में नजर आ चुकी है।

**आमिर खान बनेंगे इमरान खान का सहारा**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, हैप्पी पटेल को आमिर खान प्रोड्यूस करेंगे, इतना ही नहीं, अपने भांजे के करियर को एक बार फिर से ट्रैक पर लाने के लिए वह उनकी कॉमेडी फिल्म में कैमियो भी करने वाले है। कौन सी एक्ट्रेस होंगी, ये तो अब तक फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन लाल सिंह चड्ढा में आमिर खान की पत्नी का किरदार निभाने वाली मोना सिंह फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका में दिखाई देंगी।

# इन आसान स्टेप्स के साथ बहुत ही कम खर्च में घर में तैयार कर सकते हैं विटामिन C सीरम

**चेहरे की चमक को बरकरार रखने के लिए बदलते मौसम के साथ उसकी देखभाल का तौर-तरीका भी बदलना जरूरी होता है। गर्मियों में टैनिंग बहुत ज्यादा पसीना उमस भरे मौसम के चलते कई सारी दिक्कतें हो सकती हैं ऐसे में स्किन को हेल्दी रखना एक टास्क हो सकता है तो इन सभी परेशानियों से निपटने में विटामिन सी सीरम कर सकता है आपकी काफी मदद।**

**नई दिल्ली।** बदलते मौसम के साथ स्किन केयर में भी कुछ जरूरी बदलाव करने चाहिए, वरना इसके चलते स्किन रफ एंड डल नजर आने लगती है। हेल्दी और ग्लोइंग स्किन के लिए विटामिन ष्ट और श्व दो सबसे जरूरी विटामिन्स माने जाते हैं, लेकिन आज हम यहां विटामिन सी के बारे में बात करेंगे। जो चेहरे की चमक बढ़ाने के साथ ही बढ़ती उम्र के लक्षणों को भी कम करने में बेहद प्रभावी होता है।

दरअसल विटामिन सी में अच्छी-खासी मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो फ्री रेडिकल्स से होने वाली डैमेजिंग से स्किन को बचाते हैं। साथ ही कोलेजन प्रोडक्शन को भी बढ़ाते हैं। यहां तक कि विटामिन सी सूरज की किरणों से होने वाले नुकसान से भी स्किन को सेफ रखता है। मार्केट में मिलने वाले विटामिन सी सीरम काफी मंहगे होते हैं, जिसे खरीदने से पहले काफी सोचना पड़ता है, तो आज हम जानेंगे विटामिन सी सीरम को घर पर आसानी से तैयार करने का तरीका।

**घर पर इस तरीके से तैयार करें विटामिन सी सीरम**

आपको चाहिए- 2 विटामिन सी की गोलियां, 1 बड़ा चम्मच ग्लिसरीन, 2 बड़े चम्मच गुलाब जल, 1 विटामिन ई कैप्सूल, 1 बड़ा चम्मच एलोवेरा जेल (इच्छानुसार), ड्रॉपर वाली एक कांच की बोतल

**ऐसे बनाएं घर पर विटामिन सी सीरम**

कटोरी में गुलाब जल और एलोवेरा जेल डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें। इसके बाद इसमें विटामिन सी की गोलियों का पाउडर बनाकर डालें। फिर विटामिन ई कैप्सूल का जेल इसमें डालें इसके बाद ग्लिसरीन डालकर मिक्स करें। सारी चीज़ों को अच्छी तरह किसी चम्मच की मदद से चलाते हुए मिला लें। इसे कांच की बोतल में भरकर एक दिन के लिए फ्रिज में रख दें। तैयार है होममेड विटामिन सी सीरम इस्तेमाल के लिए। रोजाना दिन में दो बार इस्तेमाल करें। स्किन टेक्सचर सुधरने लगेगा साथ ही ग्लो भी बढ़ता है। स्किन को लंबे समय तक जवां और हेल्दी बनाए रखने के लिए पूरी तरह से सीरम पर डिपेंड न रहें, बल्कि हेल्दी डाइट, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और नींद लेने पर भी ध्यान दें।






# बच्चों की इन हरकतों से परेशान हैं मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान, कपिल शर्मा के शो में सुनाया अपना दुखड़ा



**नई दिल्ली।** कॉमेडियन कपिल शर्मा के शो द ग्रेट इंडियन कपिल शोमें बीते शनिवार को बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खा नजर आए थे। इस दौरान कपिल ने आमिर संग खूब मजाक मस्ती की और अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर भी खूब बातचीत भी की। इसी के साथ उन्हें अपने बच्चों को लेकर भी शिकायत की उन्होंने कहा कि उनके उनकी बात नहीं सुनते।

**मेरे बच्चे मेरी बात नहीं सुनते- आमिर खान**

आमिर खान भले ही बॉलीवुड के सुपरस्टार क्यों न हो लेकिन अक्सर आम जनता और सेलेब्स की कुछ परेशानियां सेम रहती हैं। इसका खुलासा द ग्रेट इंडियन कपिल शो में किया। शो में उन्होंने खुलकर अपने दिल की बात की। आमिर ने कहा, 'मेरे बच्चे मेरी बात नहीं सुनते हैं। कभी-कभी मुझे लगता है कि हमारी पीढ़ी बीच में फंस गई है।

हम अपने माता-पिता की बात सुनते थे। हमने सोचा था कि हमारे बच्चे हमारी बात सुनेंगे और हमारा समय भी आएगा, जैसा कि रणवीर सिंह ने अपने गाने 'अपना टाइम आएगा' में कहा था, लेकिन जब हम माता-पिता बने तो हमारे बच्चे बदल गए थे। वे हमारी बात ही नहीं सुनते। पहले हमारे माता-पिता ने हमें डांटा और अब हमारे बच्चे भी वही कर रहे हैं।'

वो कभी मेरी सलाह नहीं लेते- आमिर आमिर ने आगे कहा, जहां एक ओर दूसरों के बच्चे उनसे कुछ सीखने की उम्मीद रखते हैं, वहीं उनके बच्चे उनकी सलाह को नजर अंदाज कर देते हैं। आमिर ने कहा कि वो कभी मेरी सलाह नहीं लेते। अभिनेता ने कहा सिर्फ उनके बच्चे ही नहीं, बल्कि उनकी बहन फरहत और निकहत भी उनकी नहीं सुनती।

**आमिर का वर्कफ्रंट**

आमिर के आने वाले प्रोजेक्ट्स की बात करें तो उन्हें आखिरबार फिल्म लाल सिंह चड्ढा (2022) में देखा गया था। इसके अलावा अभिनेता ने रेवती की सलाम वेंकी (2022) में भी एक कैमियो भूमिका निभाई थी। अब जल्द आमिर एक्टर सनी देओल के साथ लाहौर 1947 में नजर आएंगे। इसके अलावा सितारे जमीन पर में दिखाई देंगे।

# अंचल में 50 से अधिक गोवंश से भरे हुए ट्रक पकड़ाए, विहिप बजरंग दल ने जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल




**नीमच।** मंदसौर जिले में आज विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन के सहयोग से करीब 53 गो वंश से भरे हुए ट्रक को पकड़ा है जिसमें ठूस ठूस कर गोवंश भरे हुए थे मामले को लेकर आज विश्व हिंदू परिषद की ओर से एक पत्रकार वार्ता की गई जिसमें इस तरह के कृत्य को लेकर जिला प्रशासन और सीधे तौर पर जिला कलेक्टर दिनेश जैन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए गए है। विहिप पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने जमकर नाराजगी व्यक्त की और आगामी समय में उच्च स्तर पर इस मामले को ले जाने की बात कही, वहीं विभाग मंत्री अनुपाल सिंह झाला ने कहा कि हमारे नीमच जिले में और मंदसौर में लगभग 53 गौवंश से भरा हुआ ट्रक हमारे कार्यकर्ताओं ने पुलिस के सहयोग से पकड़ा है और ऐसी जानकारी मिली कि लगभग 150 से अधिक गो तस्करी के लिए यहां से हमारे महू निमच मार्ग से होते हुए महाराष्ट्र और गुजरात की ओर ले जाए जा रहे थे । हमको ध्यान में आया कि यह इन लोगों के द्वारा फर्जी रूप से दस्तावेज तैयार किए गए हैं और एक राजस्थान का मेला बलदेव पशु मेला ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के नाम से इन लोगों ने एक पत्र नीमच कलेक्टर को भी लिखा है और उस लेटर में नीमच कलेक्टर दिनेश जैन द्वारा उसको तस्दीक किए बिना उक्त कितने वाहन है ? कितने पशुधन उसमें जा रहे हैं ? कितने बेल जा रहे हैं और उनके मेडिकल है या नहीं है ? किस अवस्था में उनको ले जाया जा रहा है ? यह सब तस्दीक किए बिना ही उन लोगों को नीमच जिले से यहां से निकाला गया है और हमारे कार्यकर्ताओं के संघर्ष से लगभग 53 से अधिक वाहन हमने जप्त किए हैं पुलिस द्वारा उक्त कारवाही की जा रही है परंतु ध्यान में आ रहा है कि कहीं ना कहीं प्रशासन की भी इसमें बहुत बड़ी चूक है और यह भी ध्यान में आ रहा है कि कलेक्टर महोदय द्वारा किन आधारों पर या किस दबाव के आधार पर चुनाव आचार संहिता में भी बिना वाहन चेक के और इस प्रकार क्रूरता पूर्वक जो बेल भरे गए हैं वह भी निंदनीय है ।

बेजुबान जानवरो को एक तीरपाल में गर्मी में इस प्रकार से ले जाना वास्तव में निंदनीय है और हम लोगों की जब वाहन चालकों से बात हुई तो उन्होने यह भी स्पष्ट किया कि नयागांव बेरियर पर बेरियर कर्मियों ने प्रति वाहन के 10000 के आसपास पैसा लिया है अब यह पैसा किसने लिया, किसने दिया किस कारणों से लिया यह सब भी खुलासा हम बजरंग दल के कार्यकर्ता बहुत जल्द करेंगे ।

उक्त वाहन चालकों द्वारा पिपलिया मंडी टोल के संचालकों को भी चलाने वाले कर्मचारियों को भी 2 लाख का ऑफर दिया और कहा कि हम लोगों को निकल जाने दो 50 गाड़ियां और आप पुलिस प्रशासन और बजरंग दल के लोगों को मत बताओ हम आपको दो लाख रुप देंगे तो इस प्रकार का कृत्य स्पष्टता से यह सिद्ध करता है कि यह जो पशु जो मेला का बहाना लेकर यह सीधे-सीधे कहीं ना कहीं गौवंश तस्करी को बढ़ावा देने के लिए गो हत्या को बढ़ावा देने के लिए इसका अवेध परिवहन करने के लिए यह सब एक मिलीजुली साजिश हो सकती है । और इस प्रकार से प्रशासन का भी जिला प्रशासन का भी इस प्रकार से चुप होना उसका भी कहीं ना कहीं एक मोन होना इस अपराध में उनकी भी संलिप्तता दिखती है । नयागांव चौकी से इतनी गाड़िया निकल गई एक गाड़ी का पता नहीं लगा पाया और पीपलिया मंडी में जाके उनको पकड़ा गया, प्रशासन का भी इसमें इस आचार संहिता का ठीक प्रकार से पालन ना करना बिना वाहन चेकिंग के इतना नीमच सिटी थाने से होते हुए भी इधर इतना निकल जाना वास्तव में कहीं ना कहीं एक प्रश्न तो खड़ा करता है ।

पिपलिया मंडी में 53 गाड़ियां और तीन गाड़ियां जीरन चौकी पर जीरन थाने के उसमें कारवाही की गई है और इसमें जो प्रत्येक गाड़ियों में वाहन चालक और उसके साथ एक कर्मचारी था और इसके साथ-साथ जो वाहन मालिक है उसके ऊपर भी कारवाई करने का आश्वासन दिया है पुलिस प्रशासन ने परंतु इसमें यह ध्यान में आ रहा है कि इसमें कहीं ना कहीं बड़े एक रैकेट्स का खुलासा हो सकता है अगर 130 से 140 गाड़ियां है तो इसमें ठीक प्रकार से अगर जांच की जाए तो कहीं ना कहीं बड़े लोग तस्करी के रूप में इसका परिवहन कर रहे हैं ।

हर वाहन में किसी में 10 किसी में 12 किसी में 15 25 ऐसे ठोस ठोस के भरे गए हैं जिसमें इतनी गर्मी की हालत में उनको पानी की व्यवस्था नहीं है उनको चारे की व्यवस्था नहीं है यहां पिपलिया मंडी रोकने के बाद जब हमने पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हमको 24 घंटे से अधिक हो गए निकले हुए फिर हमारे कार्यकर्ताओं ने वहां तत्काल भूसे की व्यवस्था करी तत्काल पानी की व्यवस्था करी और इतनी गर्मी में जो बेसुध हो के गिर गए थे जानवर उनके ऊपर भी पानी छिड़क वाने की व्यवस्था भी की ।

अभी चुनाव की आदर्श आचार संहिता लगी हुई है तो हमारी टोली ने ऐसा तय किया कि एक बार क्षेत्र में बातचीत करके राजस्थान क्षेत्र में भी एक बार हम राज्यपाल से मुलाकात करेंगे और मध्य प्रदेश में भी हम राज्यपाल से एक बार मुलाकात करके इस पर स्पष्टता से खुलासा करेंगे कि किस प्रकार से राजस्थान और मध्य प्रदेश के मार्ग से होते हुए किस प्रकार महाराष्ट्र और इस प्रकार अवैध परिवहन किया जा रहा है तो एक बार हमारी पूरी टोली इसके लिए रहेगी और अगर यह अवैध परिवहन को रोका नहीं गया तो हो सकता है उसके लिए हम बजरंग दल कार्यकर्ताओं को उग्र आंदोलन करना पड़े ।

पत्रकार वार्ता के दौरान विश्व हिंदू परिषद नीमच जिला अध्यक्ष शैलेंद्र गर्ग, प्रचार प्रसार प्रमुख विनोद जायसवार सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# यादव महासभा ने एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन, निष्पक्ष कार्यवाही की मांग अन्यथा चलाएंगे सीएम को शिकायत करने की मुहिम



**नीमच।** यादव समाज के युवक के साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अनिल नागौरी के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल कर्मचारियों द्वारा की गई मारपीट के मामले में आज समाज जनों ने आक्रोश जताते हुए जिला पुलिस अधीक्षक के नाम एक ज्ञापन नीमच कैंट थाने पर पहुंचकर प्रभारी थाना प्रभारी शिशुपाल गौर को सोपा, जिसमें मारपीट करने वाले कर्मचारी और धमकी देने वाले अनिल नागौरी पर कार्रवाई करने की मांग की गई । मौके पर महासभा के पदाधिकारीयो ने कहा कि यदि नीमच कैंट थाना प्रभारी शिशुपाल गौर ने नियमानुसार कार्रवाई नहीं की तो फिर समाजजन द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर लगातार शिकायत करने का सिलसिला शुरू किया जाएगा ।

यादव महासभा अध्यक्ष पवन कुंगर ने जानकारी देते हुए बताया कि यादव समाज के मजदूर वर्ग से आने वाले 23 साल के एक युवक के साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अनिल नागौरी के डॉ अंबेडकर मार्ग स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल पंप कर्मचारियों द्वारा बीती 26 अप्रैल 2024 की देर शाम को जमकर मारपीट की गई, बेकसूर युवक को रात भर थाने में बंद करवाया गया अगले दिन सुबह 27 अप्रैल को भाजपा नेता अनिल नागौरी कैंट थाने पहुंचे और लॉकअप के सामने खड़े होकर युवकों को जमकर धमकियां दी, मामले को लेकर समाज जनों में आक्रोश है ।

यादव समाज का युवक कुणाल खुआर अपने एक दोस्त के साथ अनिल नागौरी के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने गया था जहां पैसों के लेनदेन की बात पर पेट्रोल पंप कर्मचारियो द्वारा युवकों के साथ जमकर मारपीट की गई, अनिल नागौरी ने पुलिस को झूठे तथ्य पेश कर युवकों को थाने में बंद करवाया और सुबह थाने पहुंचकर युवकों को धमकी दी । पेट्रोल पंप और कैंट थाने के सीसीटीवी फुटेज चेक कर निष्पक्ष जांच करते हुए, गरीब मजदूर युवक के साथ मारपीट करने वाले कर्मचारियों और अनिल नागौरी के खिलाफ कार्रवाई करने का निवेदन है। दरअसल मामले में दोनों युवाओं ने भी नीमच कैंट थाने पर शिकायती आवेदन देकर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है । ग्वालटोली निवासी युवक कुणाल खुआर 23 वर्ष व नितेश चौहान 23 वर्ष ने शिकायती आवेदन में उल्लेखित किया कि हम बीती कल देर शाम को डॉ आंबेडकर मार्ग स्थित अनमोल पेट्रोलियम पर पेट्रोल भरवाने गए थे जहां हम लोगों ने पेट्रोल भरवाने के लिए 500 रु दिए और पेट्रोल भरवाने के बाद हम शेष पैसे लेना भूल गए, लगभग 15 मिनट बाद याद आने पर हम पुनः लौटकर पेट्रोल पंप पर गए और हम लोगों ने पेट्रोल पंप कर्मचारियों से निवेदन किया की हम शेष पैसे लेना भूल गए हैं पैसे लौटा दीजिए इस बात पर कर्मचारियों ने हमारे साथ गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट की हमारे जेब में मौजूद 400 रुपए छीन लिए और हमें कैंट थाने में रात भर बंद करवा दिया । आज सुबह कैंट थाने में भाजपा नेता अनिल नागौरी पहुंचे और उन्होंने हमें धमकी दी की तुम लोगों की हिम्मत कैसे हुई मेरे पेट्रोल पंप पर लड़ाई झगड़ा करने की तुम लोगों को मैं जेल पहुंचाऊंगा, मेरी थाने से लेकर कोर्ट तक पहचान है तुम मुझे जानते नहीं हो मैं भाजपा का बड़ा नेता हूं तुम लोग छूट भी गए तो तुम्हारा जीना दुश्वार कर दूंगा।

युवकों ने कैंट पुलिस अधिकारियों से पेट्रोल पंप कर्मचारियों के खिलाफ मारपीट व अनिल नागौरी के खिलाफ डराने धमकाने की धाराओं में प्रकरण दर्ज करने का निवेदन किया है। मौके पर मौजूद महासभा पदाधिकारीयो ने प्रभारी थाना प्रभारी शिशुपाल गौर को स्पष्ट कहा कि यदि महोदय अपने जल्द में मारपीट करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज नहीं किया तो समाजजन लगातार मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायतें करना शुरू करेंगे ।

ज्ञापन सौंपने के दौरान यादव महासभा अध्यक्ष पवन कुंगर, उपाध्यक्ष रामदयाल व्यास, सचिव विकास भरंग, संजय यादव, कुणाल खुआर, जीतू खुआर, शेखर कर्णिक, सूरज खुआर, अमन भरंग, मुकेश सलोना, बबलू यादव सहित बड़ी संख्या में समाज जन मौजूद रहे ।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए 5 साल में 5 मिनट का समय नहीं है तो भारतीय होने पर गर्व कैसा........ मोमू लालवानी



**नीमच।** भारत को विकसित व सकार बनाने के लिए विपरीत परिस्थितियों में भी हमें मतदान के लिए जागरूकता लानी होगी जिसको लेकर समाज सेवी चंद्रप्रकाश (मोमू) लालवानी बताया कि वर्तमान लोकसभा चुनाव का प्रथम व द्वितीय चरण संपन्न हो चुका है लेकिन मतदान का प्रतिशत अभी तक उम्मीद से कम नजर आया जिसका कारण कहीं ना कहीं राजनीतिक दलों की खामियां व मतदाताओं में स्वयं की जागरूकता की कमी भी नजर आई है लेकिन उसका समस्त दोष जनता का हीं नहीं बल्कि राजनीतिक दलों का भी है जो कि मतदाताओं की उम्मीद पर खरा नहीं उतरते है जिसका फल परिणाम स्वरुप चुनाव के दौरान देखने में आता है जब मतदान का प्रतिशत कम होता है जबकि आमजन में मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करने की जिम्मेदारी जनप्रतिनिधि व पार्टी की होती है किंतु संपूर्ण शासन - प्रशासन मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक करने मैं कोई कसर नहीं छोड़ते हुवे अपनी जिम्मेदारी व जवाबदारी के प्रति सदैव खरा उतरते है प्रशासन व प्रशासनिक अधिकारी मतदान के महत्व को समझते हुए मतदाताओं में जागरूकता पैदा करने के लिए दिन-रात एक कर देते हैं जिसका ताजा उदाहरण नीमच जिले के आला अधिकारी जिला कलेक्टर साहब व पुलिस अधीक्षक महोदय ओर शासन प्रशासन की पूरी टीम के द्वारा संपूर्ण जिले में जगह-जगह मतदान के प्रति आम जन व मतदाताओं को मतदाता जागरूकता रेलियों के माध्यम से मतदान करने के लिए प्रेरित व जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं इसी तरह राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों को भी जवाबदारी के साथ अपने कार्यकर्ता व पदाधिकारी को साधकर ग्रामीण,शहरी, जिले व पंचायतों एवं सभी वार्डों में जाकर देश की जनता को एक - एक वोट का महत्व समझाकर मतदान की जानकारी से अवगत करा मतदान करने के लिए जागरूक कर वोटिंग के लिए प्रेरित करना होगा जिससे कि वोटो का प्रतिशत भी बढ़ेगा एवं राष्ट्रहित में मतदान का महत्व भी नजर आएगा साथ ही आमजन को भी मतदान के महत्व को समझते हुए अपने मतदान का सही उपयोग करते हुए अपना संपूर्ण योगदान मतदान कर देशहित एवं राष्ट्रहित में करना होगा।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रामपुरा के पेट्रोल पम्प की अनूठी पहल

## मतदान कर निशान दिखाएं, पेट्रोल डीजल पर दो लीटर की छूट पाये




**नीमच।** नीमच जिले में शत प्रतिशत मतदान करवाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कलेक्टर दिनेश जैन, एसपी अंकित जयसवाल, जिला पंचायत सीईओ गुरु प्रसाद, मनासा एसडीएम पवन, बारिया, एसडीओपी श्री विमलेश उईके एवं संहायक संचालक जनसंपर्क जगदीश मालवीय आदि अधिकारियों ने मतदाता जागरूकता अभियान को गति प्रदान करने के लिए गतदिनों रामपुरा क्षेत्र का भ्रमण कर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में रामपुरा के रियल पेट्रोलियम द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एक अनूठी पहल की गई है। इसके तहत जो भी मतदाता 13 मई को मतदान करेगा, वह मतदान करने का निशान दिखाकर, पेट्रोल- डीजल पर दो रुपये प्रति लीटर की छूट प्राप्त कर सकेगा। यहां पहुंचे कलेक्टर श्री जैन व एसपी जायसवाल का देवेन्द्र जैन अमन जैन, रवि पोखरणा, ने स्वागत किया ।

# सभी विभाग स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता का व्यापक प्रचार प्रसार करें - कलेक्टर

## साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न




**मंदसौर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक एवं निर्वाचन कार्यो की समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश देते हुए कहा की स्वीप की गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूल चलो अभियान के साथ-साथ स्कूली बच्चों के माता-पिता से घर पर जाकर संपर्क करें। साथ ही मतदाता जागरूकता संदेश के बारे में भी बताएं। महिला एवं बाल विकास विभाग आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से घर-घर जाकर मतदाता जागरूकता संदेश का व्यापक प्रचार प्रसार करें। इसके साथ ही घर-घर पहुंचकर बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण आहार, गर्भवती महिला की जानकारी भी एकत्रित करें। नगर पालिका कचरा वाहनों में 13 मई मतदान दिवस के गीत बजवाए। इसके साथ ही विभागों द्वारा किए जा रहे हैं प्रचार कार्य का कॉल सेंटर के माध्यम से भी लगातार क्रॉस चेकिंग की जाएगी। मंडी सचिव मंडी में, उपार्जन केन्द्रों एवं सहकारी उचित मूल्य की दुकानों पर भी मतदाता जागरूकता के पोस्टर लगवाए। जिससे मतदाताओं को 13 मई मतदान दिवस के संबंध में जानकारी हो सके। ऐसे निजी संस्थान जो मतदान दिवस के दिन मतदाताओं को कोई विशेष छूट प्रदान कर रहे हैं, तो छूट के संबंध में संस्थान के बाहर ही पोस्टर लगवाए । जिससे मतदाताओं को पता चल सके। मतदान केंद्र पर आधारभूत सुविधाओं के साथ-साथ गर्मी के कारण मतदाताओं एवं मतदान दलों को कोई परेशानी ना हो, इसका विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। प्रत्येक मतदान केंद्र पर मेडिकल की टीम भी साथ में भेजी जाए। जो स्वास्थ्य संबंधी समस्या को समाधान करेगी।

# सांसद सुधीर गुप्ता ने संसदीय क्षेत्र के सूखेड़ा मंडल में किया जनसंपर्क, महिला सशक्तीकरण, किसान, युवा, गरीब को समर्पित है भाजपा सरकार



**मंदसौर/नीमच।** 10 साल में देश के साथ-साथ संसदीय क्षेत्र पूरी तरह से बदल चुका है। प्रत्येक गांव को सड़कों से जोड़ने के लिए 10 वर्षो में 140 से अधिक प्रधानमंत्री सड़के बनी। यहीं नही क्षेत्र में सबसे बड़े दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस वे लाभ तो मिलेगा साथ ही जावरा उज्जैन फोरलेन निर्माण से क्षेत्र में विकास के द्वार भी खुलेंगे। उकत बात भाजपा प्रत्याशी व क्षेत्रिय सांसद सुधीर गुप्ता ने जावरा विधानसभा के सूखेड़ा मंडल में जनसंपर्क के दौरान कही। रविवार को भाजपा प्रत्याशी सांसद सुधीर गुप्ता ने मंदसौर संसदीय क्षेत्र की जावरा विधानसभा के सूखेडा मण्डल में आक्यादेह, सुजापुर, पंचेवा, माउखेडी, सुखेड़ा, काबुलखेड़ी, भाकरखेड़ी, रियावन, झांतला, बछोडीया, रानीगांव, मावता, रणायरा, रिछा देवड़ा, सेमलखेड़ी, पिंगराला, बरखेड़ी, जड़वासा, माननखेडा में जनसंपर्क कर मतदाताओं का आशीर्वाद लिया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी का जगह-जगह आत्मीय स्वागत हुआ। सरकार की योजनाओं का हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। महिला को आगे बढ़ाने के लिए करीब 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे। इसी के साथ ही 70 साल से अधिक की आयु के नागरिक भी आयुष्मान योजना का लाभ ले सकेंगे। युवाओं को रोजगार हेतु मुद्रा लोन योजना से लाभान्वित करेंगे। आवास योजना आगे भी निरंतर जारी रहेगी और हर गरीब के अपने घर का सपना साकार करेंगे। विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि संसदीय क्षेत्र में रेलवे, सड़क, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य हर क्षेत्र में विकास हुआ है। 2000 करोड़ से अधिक की माही जल समूह प्रदाय योजना का लाभ क्षेत्रवासियों को मिलेगा। इसी के साथ सिंचाई के लिए किसानों को पानी उपलब्ध होगा। उन्होने मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता को आशीर्वाद देकर अधिक अधिक वोट कर भाजपा ऐतिहासिक विजयीश्री दिलाने की अपील की।

जनसम्पर्क मे लोकसभा प्रभारी बजरंग पुरोहित, पूर्व केबिनेट मंत्री भरतदास बैरागी, विधानसभा प्रभारी ईश्वरलाल पाटीदार, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष हरिराम शाह, महामंत्री घनश्याम बैरागी विधानसभा सह संयोजक बद्रीलाल शर्मा, भाजपा जिला मंत्री रतनलाल लाकड़, अजय पाण्डेय शुजापुर, भाजपा पिपलौदा मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह गुडरखेड़ा, मण्डल अध्यक्ष अमित पाठक , सांसद प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी, वरिस्ठ राघवेंद्र पालीवाल, सुरेश धाकड़, रितेश जैन, पवन जैन, मनोज मेहता, मोहन पटेल, वीरेंद्र सिंह चौहान, दिलीप कारपेंटर, सुभाष पांचाल, रामप्रसाद राठौड़, मांगीलाल राठौड़, पर्वत आंजना, सुखेड़ा सरपंच महावीर मेहता, चिमन सिंह, महिला मोर्चा से निर्मला हाड़ा, मधुबाला चन्द्रावत, अनिल कियावत, बंकट दास बैरागी, दसरथ आंजना, जीवन आंजना, जगदीश आंजना, दीपक नाहर, कमल दास बैरागी, कीर्तिशरण सिंह, देवेन्द्र भटनागर आदि मण्डल क्षेत्र के सभी वरिस्ठ कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सीआरपीएफ ने शहीद के बलिदान को किया नमन



**नीमच।** देश के अमर वीर शहीदों के आत्म.बलिदान को नमन कर कृतज्ञता प्रकट करना तथा उनके परिजनों को सर्वोपरि सम्मान देना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है क्योंकि वीरों के बलिदान में परिवार का अति महत्वपूर्ण योगदान होता है। हमारे आने वाली युवा पी को अपने देश के वीरों की शहादत के प्रति गौरव की अनुभूति होनी चाहिए। स्मरण रहे कि कर्तव्य की बलि वेदी पर अपने प्राणों को सर्वस्व न्यौछावर करने वाले नीमच जिले के रामपुरा निवासी सीआपीएफ के अमर वीर बलिदानी सिपाही बदरी प्रसाद ने वर्ष 2001 में 122 बटालियन में तैनाती के दौरान आज ही के दिन जम्मू.कश्मीर में आतंकवादियों से डटकर मुकाबला करते हुए माँ भारती की सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी थी। इसलिए सीआरपीएफ मुख्यालय नई दिल्ली के दिशा.निर्देशों के अनुपालन में ग्रुप केंद्र नीमच द्वारा अप्रतिम पहल करते हुए उनकी शहादत को नमन करने तथा परिजनों को यथोचित सम्मान प्रदान करने हेतु सोमवार को ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ नीमच के डीआईजी श्री एस.एल.सी.खूप के कुशल मार्गदर्शन में सीआरपीएफके अधिकारियों ने वीर बलिदानी के गृह निवास पर पहुँचकर श्री के.एल.सूर्यवंशी सीएमओ नगर पालिका रामपुरा जितेन्द्र जागीदार अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर पालिका रामपुरा राकेश जैन भूतपूर्व मंडल अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि विजय श्री अमर लाल भदौरियाए पार्षद प्रतिनिधिए निरीक्षक श्री विकास पटेल थाना प्रभारी एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक तथा परिजनों की सादर उपस्थिति में शहीद के सम्मान में उनके गृह निवास पर कार्यक्रम आयोजित किया और सीआरपीएफ की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किए। वीर बलिदानी के परिजनों को स्मरण दिलाया की वे सीआरपीएफ परिवार का अभिन्न हिस्सा है और उनके हरेक सुख. दु ख में सैदव उनके साथ खडे है तथा हर संभव सहयोग एवं सहायता के लिए हमेशा तत्पर है। शहीद के परिजनों के प्रति अपनत्व एवं कृतज्ञता प्रकट करना तथा उन्हें खुशहाल देखना ही सही मायने में शहीदों के प्रति सम्मान है। इस अवसर पर सीआरपीएफ के अधिकारियों के साथ रामपुरा के गणमान्य नागरिक एवं भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहें।

# घर-घर जाकर किया मतदान हेतु जागरूक



**नीमच।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतदाता जागरूकता गतिवधी अंतर्गत स्वीप नोडल अधिकारी एव सी ई ओ जिला पंचायत श्री गुरु प्रसाद सर द्वारा सीताराम जाजू कॉलेज मतदान केंद में आयोजित मीटिंग में दिए गए निर्देशानुसार जन अभियान परिषद नीमच के जिला समन्वयक वीरेन्द्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में सीएमसीएलडीपी स्टूडेंट एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा वार्ड क्रमांक 31, 32, 34 में आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने हेतु बी एल ओं रेणु प्लास, रामचंद्र घोडावर, सिमा क्षोत्रिय, वार्ड प्रभारी अशोक सौदे के साथ चार ग्रुप बनाकर राजस्व कॉलोनी क्षेत्र में घर घर जाकर दस्तक दी और रहवासियों को 13 मई को वोट जरूर देने की अपील की, मतदान का महत्व बताया गया व घरो के बाहर पम्प्लेट चिपकाये गए एवं अंत में सभी को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई ।

# कांग्रेस प्रत्याशी गुर्जर के समर्थन में रविवार को नीमच सिटी में किया जनसंपर्क



**नीमच।** नीमच मंदसौर जावरा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दिलीप सिंह गुर्जर के समर्थन में आज रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा नीमच सिटी में जन संपर्क किया गया एवं कांग्रेस के पक्ष में मतदान का आम जनता से अनुरोध किया कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा घोषणा पत्र घर-घर जाकर वितरण किया गया एवं 10 साल के मोदी सरकार की नाकामयाबी को बताया एवं क्षेत्रीय सांसद वर्तमान के सुधीर गुप्ता जिन्होंने नीमच की सारी सुविधाएं छीनकर मंदसौर ले गए । गैस की टंकी 350 से सीधी 1000 हो गई रोजमर्रा की काम आने वाली आम जनता पर भारी बोझ पड़ रहा है । वर्तमान में दालों के भाव आसमान छू रहे हैं , आम गरीब जनता का जीना दुश्वार हो रहा है जनसंपर्क के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश कुमार अहीर, मोनू लोक्स, बृजेश मित्तल, महेश वीरवाल, सुरेश पटेल, उमराव सिंह राठौड़, पूर्व पार्षद महेश पाटीदार, एडवोकेट आशा सांभर, गजेंद्र यादव , मनोहर अम्ब , मनोज सापडिया, मुकेश पोरवाल ,पूर्व पार्षद बलवंत यादव, भारत सिंह, साबिर मसुदी, राकेश सोनकर, विनोद बोरीवाल, इलियास कुरैशी, एसपी नागर ललित शर्मा नितेश यादव लोकेश यादव संजय पवार आदि उपस्थित रहे।

# जनरल आर्ब्जवर श्री सिद्दीकी ने नीमच में किया मतगणना केंद्र एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



**नीमच ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग के मंदसौर संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त जनरल आब्जर्वर अबूबक्कर सिद्दीकी पी. ने रविवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत नीमच में 4 जून 2024 को होने वाली मतगणना के लिए प्रस्तावित मतगणना केंद्र शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नीमच के परिसर एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत विधानसभा क्षेत्र नीमच के लिए कॉलेज के पुराने भवन में स्ट्रांग रूम एवं गणना कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होने कॉलेज के नये भवन में वि.स.क्षेत्र मनासा एवं जावद के स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्षों का अवलोकन भी किया। प्रेक्षक ने मतगणना केंद्र पर आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में सम्बंधितों को आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होने मतगणना स्थल पर प्रस्तावित वाहन पार्किंग स्थल, मतगणना केंद्र पर प्रवेश एवं निकासी की व्यवस्था, बेरिकेटिंग्स की व्यवस्था, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्थाआदि का जायजा लिया ।

इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश जैन, जिला पंचायत सीईओ गुरूप्रसाद, एसडीएम राजेश शाह, पवन बारिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव साहू, डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिह धार्वे, सहित लोक निर्माण कार्यपालन यंत्री श्री महेन्द्र सिह चौहान व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक ऐश्वर्य शर्मा के लिए माँ भगवती प्रिन्टर्स बंगला-23, नीमच, जिला-नीमच, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पर्क: ऐश्वर्य शर्मा (संपादक)- 9407423966, राधवेन्द्र शर्मा (प्रबंधक)- 9301678930। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नीमच होगा।